


# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



सोने का सच्चा भाव
आनंद का सच्चा भाव

| | |
|---|---|
| 18 कैरेट रेट (75.00%) | ₹116258/- |
| 22 कैरेट रेट (91.60%) | ₹141990/- |
| 24 कैरेट रेट (99.99%) | ₹154995/- |

सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra

*Conditions apply
aNaND Jewels Pandri, Raipur


## 400 आधुनिक डायल-112 वाहन 24x7 पुलिस, फायर और मेडिकल इमरजेंसी सेवाएं देंगे

# शाह ने दी बड़ी सौगात, 400 डायल 112 वाहन और 32 फॉरेंसिक वैन 33 जिलों के लिए रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सोमवार को माना पुलिस परेड ग्राउंड में छत्तीसगढ़ पुलिस की अत्याधुनिक 'नेक्स्ट जेन सीजी डायल-112 सेवा' तथा मोबाइल फॉरेंसिक वैन का शुभारंभ किया। 400 अत्याधुनिक डायल-112 वाहनों तथा 32 मोबाइल फॉरेंसिक वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उल्लेखनीय है कि 'एक्के नंबर, सब्बो बर' थीम पर आधारित यह आधुनिक सेवा पुलिस, अग्निशमन और चिकित्सा सेवाओं को एकीकृत करते हुए नागरिकों को एक ही नंबर पर त्वरित आपातकालीन सहायता उपलब्ध कराएगी। 400 अत्याधुनिक वाहनों में स्मार्टफोन, जीपीएस, वायरलेस रेडियो, पीटीजेड कैमरा, डैश कैम, मोबाइल एनवीआर और सोलर बैकअप जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। इन तकनीकों की मदद से घटनास्थल की लाइव मॉनिटरिंग, रियल-टाइम ▶▶|शेष पेज 7 पर



### घटनास्थल पर ही होगी वैज्ञानिक जांच

32 मोबाइल फॉरेंसिक वैन प्रदेश में अपराध अनुसंधान को नई दिशा देंगी। "32 वैन-32 जिले एक संकल्पः सटीक जांच, त्वरित न्याय" के उद्देश्य के साथ शुरू की गई यह पहल घटनास्थल पर ही प्रारंभिक वैज्ञानिक जांच की सुविधा उपलब्ध कराएगी। लगभग 65 लाख रुपये प्रति यूनिट लागत वाली इन अत्याधुनिक वैन में घटनास्थल संरक्षण किट, साक्ष्य संग्रहण एवं सीलिंग उपकरण, फिंगरप्रिंट डिटेक्शन सिस्टम, नार्कोटिक्स परीक्षण किट, डिजिटल फॉरेंसिक सपोर्ट, उच्च गुणवत्ता फोटोग्राफी व्यवस्था, बुलेट होल स्क्रीनिंग एवं बैलिस्टिक जांच किट तथा गनशॉट रेजिड्यू (जीएसआर) परीक्षण किट जैसी उन्नत सुविधाएं उपलब्ध हैं।

**मोबाइल फॉरेंसिक वैन से घटनास्थल पर ही जांच के लिए आधुनिक सुविधा**

### मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक बस्तर में आज

मध्य क्षेत्रीय परिषद (सीजेडीसी) की बैठक छत्तीसगढ़ के बस्तर में 19 मई को होगी। अध्यक्षता केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह करेंगे। बैठक में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ, मप्र के सीएम डॉ. मोहन यादव और उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी मौजूद रहेंगे। मध्य क्षेत्रीय परिषद की यह 26 वीं बैठक है। बस्तर में पहली बार इस स्तर की अंतरराज्यीय बैठक हो रही है। इसे केंद्र सरकार की उस रणनीति से जोड़कर देखा जा रहा है, जिसमें बस्तर को नक्सल हिंसा की पहचान से निकालकर विकास और सुशासन के मॉडल के रूप में पेश किया जा रहा है।

### केंद्रीय गृहमंत्री ने अमर वाटिका में दी शहीदों को श्रद्धांजलि

## शहीदों के परिजनों के साथ बैठे, दुख साझा किया, दिया मदद का भरोसा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को अमर वाटिका पहुंचकर माओवाद के विरुद्ध संघर्ष में अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देने वाले एक हजार से अधिक अमर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की। गृहमंत्री श्री शाह ने कहा कि बस्तर की धरती पर शांति, सुरक्षा और विकास स्थापित करने में जवानों का बलिदान अविस्मरणीय है। देश की सुरक्षा के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले वीर जवानों का त्याग कभी व्यर्थ नहीं जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि केंद्र और राज्य सरकार बस्तर में स्थायी शांति स्थापित करने, विकास को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने और माओवाद के समूल उन्मूलन के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। इस दौरान उन्होंने ने बीजापुर नक्सली हमले में शहीद हुए जवान कालेन्द्र प्रसाद नायक एवं पवन कुमार मंडावी के परिजनों से आत्मीय मुलाकात की। उन्होंने परिवारजनों के बीच ▶▶|शेष पेज 7 पर



### शहीदों के बलिदान को छत्तीसगढ़ कभी नहीं भूलेगाः सीएम साय

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने शहीद जवानों को नमन करते कहा कि उनका बलिदान छत्तीसगढ़ कभी नहीं भूलेगा। राज्य सरकार शहीद परिवारों के सम्मान, सुरक्षा और कल्याण के लिए पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि बस्तर अब शांति, विश्वास और विकास की नई दिशा में आगे बढ़ रहा है और इसमें सुरक्षाबलों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

### वीर शहीद गुण्डाधुर सेवा डेरा जनसुविधा केंद्र का गृहमंत्री ने किया शुभारंभ

# शाह बोले-बस्तर में छह दशक में नक्सलवाद से हुए नुकसान की भरपाई हम पांच साल में करेंगे

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सोमवार को बस्तर में शहीद वीर गुण्डाधुर सेवा डेरा जन सुविधा केन्द्र का शुभारंभ किया। इस अवसर पर श्री शाह ने कहा कि आज एक बहुत ऐतिहासिक दिन है। शहीद वीर गुण्डाधर की यह जन्मभूमि और कर्मभूमि अपने आप में भारत के हर नागरिक के लिए तीर्थ समान है।

*कहा- शहीद की जन्मभूमि तीर्थ समान*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

वर्ष 1910 में हमारे वीर आदिवासी नेता ने भूमकाल विद्रोह के माध्यम से स्वतंत्रता संग्राम की शुरूआत की थी और विदेशी शासन के विरुद्ध बस्तर के आदिवासियों की लड़ाई का नेतृत्व शहीद वीर गुण्डाधुर ने किया था। उन्होंने कहा कि आज उन्हीं से प्रेरणा लेकर नेतानार का यह कैंप, जो वर्ष 2013 से सुरक्षा कैंप था, अब सेवा कैंप बनकर आदिवासियों की सेवा करेगा।

छत्तीसगढ़ सरकार ने इस सेवा कैंप का नाम भी शहीद वीर गुण्डाधुर के नाम पर रखा है। यह कैंप हमें सदैव स्मरण कराएगा कि एक समय यहां छह पुलिसकर्मियों की निर्मम हत्या की गई थी, यहां के स्कूल, अस्पताल उजाड़ दिए गए थे, राशन पहुंचने नहीं दिया गया, रोजगार और शिक्षा से लोगों को वंचित रखा गया। श्री शाह ने कहा कि आज उसी स्थान पर, जहां हमारे छह जवान शहीद हुए थे, वहां गरीब आदिवासियों की सेवा का एक तीर्थ स्थल बनाने का कार्य प्रारंभ हो रहा है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, केन्द्रीय गृह सचिव गोविंद ▶▶|शेष पेज 7 पर

### रायपुर जैसा विकास एक साल में बस्तर लाएगी सरकार

श्री शाह ने कहा कि नक्सलियों ने दशकों तक गलतफहमी फैलाई कि हमारा विकास नहीं हुआ इसलिए हमने हथियार उठाए हैं। उन्होंने कहा कि सच्चाई यह है कि इस क्षेत्र का विकास इसलिए नहीं हुआ क्योंकि नक्सलियों ने हाथों में हथियार उठा रखे थे। उन्होंने कहा कि रायपुर में विकास के जितने कार्य हुए हैं, उन्हें एक साल के भीतर हमारी सरकार आपके गांवों तक लाएगी। श्री शाह ने कहा कि सरकार की हर सुविधा पर आपका इतना ही अधिकार है जितना बड़े शहरों की जनता का है। श्री शाह ने कहा कि यह आपकी सरकार है और आपके जीवन में खुशियां लाना सरकार का उत्तरदायित्व है।




### आदिवासी गांवों की बदलेंगे दशा

गृहमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने आह्वान किया है कि नक्सलवाद समाप्त हो गया है, ऐसा मानकर चैन की नींद नहीं सोना है। नक्सलवाद से हुए नुकसान की भरपाई हम 5 साल के अंदर कर इन सभी गांवों को ऊर्जावान आदिवासी गांवों में बदलेंगे । इसके लिए आदिवासियों के खेल को बढ़ावा देने के लिए हमने ओलंपिक और आदिवासी साहित्य, भाषा, संगीत, कला, नृत्य और विविध पकवानों को विश्व प्रसिद्ध करने के लिए बस्तर पंडुम शुरू किया है। विकास तीव्र गति से होगा।



### डेढ़ वर्ष में 70 कैंप बनेंगे जनसेवा केंद्र

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि बस्तर में अभी लगभग 200 कैंप हैं और उनमें से 70 कैंप को अगले डेढ़ वर्षों में हम इसी प्रकार के जनसेवा केंद्र के रूप में परिवर्तित कर आदिवासी कल्याण का केन्द्र बनाएंगे। इन कैंपों का डिजाइन कंप्लीट होगा, जिनके अंदर बैंकिंग सुविधा भी होगी, आधार कार्ड भी बनेगा, राशन कार्ड भी बनेगा, सरकार की योजना के पैसे यहीं से मिलेंगे, कॉमन सर्विस सेंटर पर राज्य सरकार और केंद्र सरकार की 371 योजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर मिलेगा।

### खबर संक्षेप



#### देश की पहली बुलेट ट्रेन की तस्वीर जारी

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे के इतिहास में एक नया अध्याय लिखने जा रही देश की पहली हाई-स्पीड बुलेट ट्रेन की तस्वीर सामने आ गई है। रेल मंत्रालय के गेट नंबर 4 पर देश की पहली प्रस्तावित बुलेट ट्रेन की तस्वीर प्रदर्शित की गई है, जो हर आने-जाने वाले व्यक्ति का ध्यान खींच रही है।

#### व्यापम ने बदली पीएटी की तिथि

**रायपुर।** व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा पीएटी तथा पीपीवीटी परीक्षा तिथियों में बदलाव किया गया है। ये बदलाव नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा आयोजित नीट के कारण किया गया है। एनटीए द्वारा नीट की पुनः परीक्षा 21 जून को प्रस्तावित है। व्यापम द्वारा जारी किए गए कैलेंडर के अनुसार, इसी तिथि में प्री एग्रीकल्चर टेस्ट अर्थात पीएटी व पीव्हीपीटी का आयोजन भी होना था। बड़ी संख्या में छात्र नीट व पीएटी में शामिल होते हैं। इसे देखते हुए व्यापम ने पीएटी तथा पीव्हीपीटी की तिथियों में बदलाव किया है। व्यापम द्वारा जारी अधिसूचना के मुताबिक, अब पीएटी आयोजन 28 जून को होगा। अन्य दिशा-निर्देश पूर्ववत ही रहेंगे। इस संदर्भ में आधिकारिक सूचना व्यापम द्वारा अपने वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है।

### कोर्ट की शर्त : छत्तीसगढ़ से रहना होगा बाहर

## डीएमएफ घोटाले में पूर्व आईएएस टुटेजा को सुप्रीम कोर्ट से राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

सुप्रीम कोर्ट ने छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित डीएमएफ घोटाले में पूर्व आईएएस अधिकारी अनिल टुटेजा को शर्तों के साथ जमानत दे दी है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमल्या बागची की बेंच ने कहा कि मामले में आरोप गंभीर हैं, लेकिन इनकी अंतिम पुष्टि ट्रायल के दौरान होगी। कोर्ट ने यह भी कहा कि टुटेजा को जमानत के लिए संबंधित न्यायालय में तय नियमों के अनुसार बॉन्ड जमा करना होगा। साथ ही छत्तीसगढ़ से बाहर रहना होगा। ध्यान रहे कि अनिल टुटेजा को इस मामले में 23 ▶▶|शेष पेज 7 पर



**सुप्रीम कोर्ट ने कहा- आरोप गंभीर, लेकिन ट्रायल के बाद ही होगी अंतिम पुष्टि**

### जमानत के साथ कड़ी शर्तें

सुनवाई के दौरान टुटेजा की पूर्व प्रभावशाली प्रशासनिक भूमिका को देखते हुए गवाहों को प्रभावित करने की आशंका जताई गई। इसी कारण कोर्ट ने सख्त शर्त लगाई है कि रिहाई के बाद वे छत्तीसगढ़ राज्य से बाहर रहेंगे। साथ ही रिहाई के एक सप्ताह के भीतर उन्हें अपने निवास की पूरी जानकारी एसीबी और संबंधित पुलिस थाने को देनी होगी। साथ ही, उन्हें हर सुनवाई में अदालत में उपस्थित होना होगा, जब तक कि अदालत से विशेष छूट नहीं मिले।

### सीआरपीएफ के पूर्व डीजी विजय को पद्मश्री

**नई दिल्ली।** देश की आंतरिक सुरक्षा, आतंकवाद विरोधी अभियानों और पुलिस आधुनिकीकरण में अहम भूमिका निभाने वाले पूर्व डी जी सी आर पी एफ विजय कुमार को भारत सरकार ने पद्मश्री सम्मान के लिए चुना है। विजय कुमार दशकों तक देश की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। 15 सितंबर 1952 को जन्मे विजय कुमार 1975 बैच के आईपीएस अधिकारी रहे हैं। सेंट जोसेफ कॉलेज और मद्रास क्रिश्चियन कॉलेज से ▶▶|शेष पेज 7 पर



### पुलिस ने आठ घंटे के भीतर आरोपी को दबोचा

## मार्निंग वाक पर निकले पूर्व विस अध्यक्ष धरमलाल से हुई लूट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुब सवा सात बजे मार्निंग वाक पर निकले पूर्व विधानसभा अध्यक्ष, भाजपा विधायक धरमलाल कौशिक झपटमारी के शिकार हो गए। विधायक अपने मोबाइल पर बात करते हुए सुबह टहल रहे थे, इस दौरान एक बदमाश बाइक में तेजी से उनके करीब पहुंचा और उनके हाथ से मोबाइल छीनकर फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी युवक को घटना के आठ घंटे के भीतर गिरफ्तार कर उसके कब्जे से मोबाइल जब्त कर लिया है। पुलिस ने ▶▶|शेष पेज 7 पर





### सीसीटीवी की मदद से पकड़ा गया आरोपी


पुलिस ने बताया कि घटना स्थल और संभावित रूट के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फूटेज की बारीकी से पड़ताल की गई। साथ ही तकनीकी विश्लेषण और ह्यूमन इंटेलिजेंस की मदद से आरोपी की लगातार तलाश की गई। फूटेज में एक संदिग्ध का फूटेज मिलने पर उसके बारे में जानकारी जुटाकर हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपी ने विधायक के साथ झपटमारी करने का अपराध कबूल किया।

### जांच के दौरान पुलिस ने पकड़े स्वर्ण आभूषण

## कार की पिछली सीट ने उगला 9 करोड़ का सोना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सिघोड़ा पुलिस ने एक कार से 9 करोड़ रुपए से अधिक का स्वर्ण आभूषण पकड़ा है। मामले में गुजरात निवासी तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सिंघोड़ा पुलिस टीम द्वारा एनएच 353 पर रेहटीखोल नाका के पास वाहनों की जांच के दौरान ओडिशा की ओर से आ रही एक वोक्सवैगन वरटस कार क्रमांक जीजे 03 एनपी 4230 को रोकने पर सवार लोग घबरा गए। पुलिस ने सख्ती से पूछताछ की और तलाशी ली तो पाया कि ▶▶|शेष पेज 7 पर



### वैध दस्तावेज न मिलने पर कार्रवाई

पुलिस ने कार सवार व्यक्तियों से सोने के आभूषणों के संबंध में वैध दस्तावेज और बिल प्रस्तुत करने को कहा। आरोपियों ने सोने से संबंधित कोई भी वैध दस्तावेज पेश नहीं किए जिसके चलते पुलिस ने धारा 106 बीएनएस के तहत 9.17 करोड़ रुपए का सोना और 10 लाख रुपये कीमत की वोक्सवैगन कार सहित कुल 9,27,84,220 रुपए की संपत्ति जब्त कर मामले में आगे की जांच और कार्रवाई के लिए आयकर और राजस्व विभाग को सूचित किया है।

### पश्चिम एशिया संकट के बाद देश में ईंधन को लेकर बड़ी पहल

## हाईकोर्ट में हो वर्चुअल सुनवाई

**सीजेआई सूर्यकांत ने सभी हाईकोर्ट से की अपील**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच ईंधन और सरकारी खर्चों को बचाने के लिए भारतीय न्यायपालिका ने एक बड़ा कदम उठाया है। भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्य कांत ने देश के सभी उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों से अनुरोध किया है कि वे सोमवार और शुक्रवार को अदालती कार्यवाही ऑनलाइन (वर्चुअल) माध्यम से संचालित करें। यह कदम अनावश्यक खर्चों को कम करने और ईंधन की खपत को नियंत्रित करने के उद्देश्य से उठाया गया है। इससे पहले, सुप्रीम कोर्ट ने खुद 15 मई को फैसला लिया था कि वह सप्ताह के ▶▶|शेष पेज 7 पर



### पीएम मोदी ने की थी अपील

न्यायपालिका का डिजिटल मोड की तरफ यह झुकाव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा की गई अपील के बाद आया है। इस दिशा में अनुकरणीय कदम उठाते हुए सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों ने न केवल हफ्ते में दो दिन वर्चुअल कोर्ट में शिफ्ट होने का फैसला किया, बल्कि ईंधन के अधिकतम और कुशल उपयोग के लिए आपस में 'कार-पूलिंग' (साझा गाड़ी) करने का भी सर्वसम्मत संकल्प लिया है।

## सरकारी बैंकों और बीमा कंपनियों के खर्चे पर लगाम

**केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने किया आह्वान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

वित्त मंत्रालय ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और वित्तीय संस्थानों से मितव्ययिता उपाय अपनाने तथा इलेक्ट्रिक वाहनों के इस्तेमाल को बढ़ावा देने का सोमवार को आह्वान किया। वित्त मंत्रालय के अधीन वित्तीय सेवा विभाग ने जारी परिपत्र में यात्रा खर्च कम करने और इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने का आग्रह किया है।

### बैठकें हो ऑनलाइन

परिपत्र में कहा गया कि मितव्ययिता उपाय तत्काल प्रभाव से लागू किए जाएं। इसके तहत सभी बैठकें, समीक्षा और परामर्श ऑनलाइन किए जाएं जब तक कि भौतिक बैठक बेहद आवश्यक न हो। परिपत्र में कहा गया कि बैंकों व वित्तीय संस्थानों के चेयरमैन, प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी तथा पूर्णकालिक निदेशकों की विदेश यात्राओं को छोटा किया जाए और जहां तक संभव हो ऐसे कार्यक्रमों में ऑनलाइन शामिल हों। मौजूदा वाहन बेड़े को चरणबद्ध तरीके से ईवी में बदला जाए।

# आसना से केंद्रीय गृहमंत्री शाह का ऐलान 'भारत नक्सलमुक्त'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहीद वीरनारायण सिंह व गुण्डाधूर को प्रणाम करते हुए गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि आज ना केवल छग बल्कि समग्र देश के लिए बहुत बड़ा दिन है। मैं आज यहां खड़े रहकर सीना तानकर कहता हूं कि भारत नक्सलमुक्त हो चुका है। केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सोमवार को ग्राम आसना के बादल संस्था में आयोजित कार्यक्रम में यह बात कही। उन्होंने कहा कि यह एक ऐसा सपना था, जिसको को सिद्ध करने के लिए हजारों जवानों ने अपना बलिदान दिया। शायद ही देश का कोई बल बाकी होगा जिसके जवानों ने नक्सलवाद का सामना करते अपने प्राण न गवाएं हों। 1971 से लेकर 31 मार्च 2026 तक यह लम्बा कालखंड समग्र देश की जनता ने एक दुःस्वप्न की तरह झेला है। नक्सल प्रभावित क्षेत्र के लिए तो भीषण रक्तपात विकास का अंधेरा व युवाओं के सामने अंधकारमय भविष्य था। परन्तु जहां नक्सलवाद नहीं था जैसे मेरे प्रदेश गुजरात के लोग भी बड़ी चिंता व संवेदनशीलता के साथ इस क्षेत्र की चिंता करते थे। यह कोई छोटा कालखण्ड नहीं था तीन पीढ़ियां चली जाती हैं 1970 से लेकर 31 मार्च 2026 तक का लंबा समय था।

- 1971 से लेकर 31 मार्च 2026 तक लम्बा कालखंड देश की जनता ने एक दु:स्वप्न की तरह झेला



### तीसरी कक्षा के सभी बच्चों को नक्सली ले गए और झोंका दिया था नक्सलवाद में

श्री शाह ने कहा कि बस्तर के व्यंजन खाए और विजय मुझे समझा समझाकर खिलाता था। इतने टेस्टी व्यंजन मैंने भारत भर में कहीं नहीं खाया। यह आपकी कला, आपकी प्रेम यहां की सब्जी यहां का नृत्य और परम्पराएं सभी दबा हुआ था कुचला हुआ था। नक्सलियों ने इसको नष्ट कर दिया, हजारों लोगों के जीवन को रौंदने का काम किया।सरेंडर हुए पुर्नवास हुए नक्सलियों से मिला और पूछा कि कैसे नक्सलवाद को ज्वाइन कर लिया तो उन्होंने बताया कि हमारी तीसरी कक्षा के पूरे क्लासरूम को उठाकर ले गए थे। और सब नक्सली बन गए और नक्सलियों ने पूरे जीवन को तबाह हो गया ।

### विकास नहीं होने के कारण फैला नक्सलवाद

इसी से माओवादियों के समर्थक सभी बुद्धिजीवियों को सदेंश मिलेगा। माओवादी इसलिए नहीं फैला था कि विकास नहीं होगा। विकास नहीं था इसका कारण ही हत्यारा नक्सल अभियान था। अब हत्यारी नक्सल अभियान समाप्त हो गया है। श्री शाह ने कहा, आज विश्वास के साथ कहकर जाता हूं पूरे देश के सभी आदिवासी संभागों में मेरा बस्तर सबसे विकसित आदिवासी संभाग बनेगा इसी में किसी को सशंय नहीं होना चाहिए। नरेन्द्र मोदी सरकार ने इस देश के गरीब पिछड़े दलित आदिवासियों के लिए ढेर सारी योजनाएं बनाई है। आपका एक एक किलो धान 31 सौ रूपए क्विंटल से खरीदने की योजना है लेकिन आप कभी बेच नहीं पाए, हर आदिवासी को घर में प्रति व्यक्ति प्रति माह सात किलो धान, चावल मिलता है लेकिन कभी मिला नहीं।

### विकसित बस्तर के बगैर विकसित भारत का संकल्प अधूरा

श्री शाह ने कहा कि नरेन्द्र मोदी जी ने 2047 तक पूर्ण विकसित भारत का संकल्प देश की जनता के सामने रखा है, मगर आज स्पष्ट कह देना चाहता हूं कि विकसित बस्तर के बगैर विकसित भारत का संकल्प अधूरा है।

### सभी के योगदान से आज यह दिन आया

गृहमंत्री शाह ने कहा कि ऐसे लोग भी है जो नक्सलियों का साथ छोड़कर डीआरजी को ज्वाइन कर कर इस अभियान को सबसे सफल बनाने में बड़ा योगदान दिया और सबसे बड़ा योगदान किसी का है तो मेरे डीआरजी के भाई बहन है। जरा भी संकोच के बगैर कहता हूं कि सबसे बहादुरी से कोई लड़ा है तो डीआरजी व कोबरा बटालियन के जवान है यह कहने में मुझे कोई झिझक नहीं है। इसके अलावा सारे सीएपीएफ सारे नक्सल पीड़ित राज्य के जवान, उनके प्रतिनिधि उनके डीजी, एनआईए की टीम, एनटीआरएफ की टीम गृह मंत्रालय के मेरे साथी व वरिष्ठ अधिकारी सभी लोगों के सामूहिक प्रयास से ही बहुत अच्छा दिन हम सब देख पाए।

### प्रिंसिपल के निलंबन आदेश को हाईकोर्ट ने किया रद्द

**बिलासपुर।** पुरुषोत्तम कुमार साहू प्रिंसिपल गवर्नमेंट हायर सेकेंडरी स्कूल भिरई ब्लॉक गुरूर जिला-बालोद छत्तीसगढ़ ने कलेक्टर द्वारा जारी निलंबन आदेश को चुनोती देते हुए छत्तीसगढ़ बिलासपुर हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। सुनवाई के बाद जस्टिस बीडी गुरु के सिंगल बेंच ने कलेक्टर, बलोद द्वारा 7 मई 2026 को पारित निलंबन आदेश को रद्द कर दिया है। कोर्ट ने कहा, हालांकि, राज्य सरकार को सक्षम प्राधिकारी द्वारा नया आदेश पारित करने की स्वतंत्रता दी जाती है।






### डीएसपी के भाई पर चाकू से हमला, दो गिरफ्तार

**बिलासपुर।** किराए में दिए गए अपने मकान से अय्याशी कर रहे युवक युवती को भगाना कवर्धा में पदस्थ डीएसपी के भाई को भारी पड़ गया। भगाए गए युवक ने अपने साथियों के साथ घर में घुसकर मारपीट करते हुए उन पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। पुलिस ने दो हमलावरों पीयूष रजक अविनाश मिश्रा को गिरफ्तार कर लिया है, मुख्य आरोपी धनश्याम धनकर फरार है। सिरगिट्टी पुलिस के अनुसार, बन्नाक चौक निवासी पशुपतिनाथ मिश्रा घर के सामने स्टील की दुकान है। उनके छोटे भाई बदीनारायण मिश्रा कवर्धा सीएएफ में डीएसपी हैं।

## भिलाई के युवक हैदराबाद के तीन अपार्टमेंट में चला रहे थे आईपीएल सट्टा, मास्टरमाइंड सहित 13 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

हैदराबाद में चल रहे आईपीएल सट्टा में बड़ा खुलासा हुआ है। भिलाई के युवक हैदराबाद में सट्टा खिला रहे थे। पैनल के 14 सटोरियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

एसएसपी विजय अग्रवाल ने बताया कि चरोदा निवासी जावेद अख्तर, आभास जायसवाल को बैंक के खातों समेत पहले पकड़ा गया था। पूछताछ पर सटोरियों ने पुलिस को इनपुट दिया कि ये स्लम एरिया, अन्य व्यक्तियों से संपर्क कर



बैंक खाते खुलवाते हैं। नया सिम खरीदकर बैंक पास बुक, एटीएम, चेकबुक को ढांचा भवन कुरूद जामुल निवासी कुणाल वर्मा को 25 हजार रुपए प्रति पास बुक से बेचा जाता था। कुणाल वर्मा पास बुक एटीएम, सिम, चेकबुक का उपयोग ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा में करता था। खाता का उपयोग लेनदेन डिपाजिट विड्राल में करता है। कुणाल वर्मा शार्ट स्पोर्ट नामक पैनल भी चलाया करता है। पूछताछ के दौरान कुणाल वर्मा ने बताया कि हैदराबाद के अल्फापुरम एसएस रेसीडेंसी, शमसाबाद के नक्षत्र सोसायटी,रोहित चौहान एच लोटस 13, सीपी 07 क्रेक प्लस बुक चलाकर ऑनलाइन आईपीएल क्रिकेट सट्टा में लोकल युवको को लेकर जाया करता था। खाता सिम, चेक बुक. एटीएम का उपयोग ऑनलाइन सट्टे के लिए किया जाता है।




हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




### कोलीफार्म बैक्टीरिया की शून्य होनी चाहिए उपस्थिति

सरकारी रिपोर्टों में यह चिंताजनक खुलासा हुआ है कि सीवरेज और पेयजल पाइपलाइनों में लीकेज के कारण शुद्ध पानी में इ-कोली जैसे घातक बैक्टीरिया मिल चुके हैं। विभाग ने कड़े निर्देश दिए हैं कि पेयजल में कोलीफार्म बैक्टीरिया की उपस्थिति 'शून्य' होनी चाहिए। यदि किसी भी जल स्रोत के सैंपल में यह बैक्टीरिया पाया जाता है, तो वहां से पानी की आपूर्ति तत्काल रोक दी जाएगी और वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर टैंकरों से पानी भेजा जाएगा।

### निगम आयुक्त पालिकाओं और नगर पंचायतों के सीएमओ को निर्देश

# नलों में 'घातक' बैक्टीरिया का खतरा, अब हर बस्ती के घरों से लिए जाएंगे पानी के सैंपल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




छत्तीसगढ़ के शहरी इलाकों में भीषण गर्मी के बीच जल जनित बीमारियों के खतरे को देखते हुए राज्य सरकार ने सख्त तेवर अपना लिए हैं। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने एक विस्तृत एडवाइजरी जारी कर स्पष्ट किया है कि पेयजल की शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए अब सीधे आम नागरिकों के घरों से पानी के नमूने लिए जाएंगे। इस संबंध में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने राज्य के सभी निगम आयुक्त, पालिकाओं और नगर पंचायतों के सीएमओ को निर्देश भेजा है।



### अधिकारियों की जवाबदेही तय

ग्रीष्मकालीन पेयजल संकट से निपटने के लिए नगर निगमों में आयुक्त और नगर पालिकाओं में मुख्य नगरपालिका अधिकारी को 'नोडल अधिकारी' नियुक्त किया गया है। इन्हें प्रतिदिन प्राप्त होने वाली शिकायतों की खुद समीक्षा करनी होगी। विभाग ने यह भी साफ कर दिया है कि पाइपलाइन के अंतिम छोर तक क्लोरीन की सही मात्रा सुनिश्चित की जाए और इसकी नियमित प्रविष्टि 'गूगल शीट' पर अपडेट की जाए।

### बस्तियों से रोज लिए जाएंगे सैंपल

पानी की गुणवत्ता पर निगरानी रखने के लिए सरकार ने त्रि-स्तरीय जांच प्रणाली लागू की है। अब केवल वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट या स्टोरेज टंकियों तक ही जांच सीमित नहीं रहेगी, बल्कि अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे प्रत्येक बस्ती के कम से कम दो से तीन घरों से प्रतिदिन पानी के सैंपल लें। इन नमूनों की जांच लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की लैब में अनिवार्य रूप से की जाएगी, ताकि यह पता चल सके कि उपभोक्ता के नल तक पहुँचते-पहुँचते पानी दूषित तो नहीं हो रहा है।

### जल स्रोतों के पास नहाना-धोना प्रतिबंधित

बीमारियों की रोकथाम के लिए सरकार ने सार्वजनिक जल स्रोतों के आसपास मानवीय गतिविधियों पर भी लगाम लगा दी है। नए नियमों के मुताबिक, किसी भी जल स्रोत के समीप कपड़ा धोने, नहाने या बर्तन मांजने का कार्य पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। इसके अलावा, जो हैंडपंप दूषित पानी उगल रहे हैं, उनके हैंडल निकालकर उन्हें लाल रंग से पेंट करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि लोग अनजाने में उनका उपयोग न करें।





# यूरोप भारत में करेगा 100 अरब डॉलर का निवेश, मिलेंगी 10 लाख नौकरियां

## प्रधानमंत्री की नॉर्वे यात्रा, अंतरिक्ष से लेकर आर्कटिक तक समझौते

एजेंसी ▶▶| ओस्लो

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को नॉर्वे के अपने समकक्ष जोनास गहर स्टोर के साथ व्यापार और निवेश, हरित प्रौद्योगिकी, नीली अर्थव्यवस्था और अन्य प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करते हुए बातचीत की। पीएम मोदी ने ओस्लो में नॉर्वे के पीएम योनास स्टोरे के साथ जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने कहा कि पिछले साल भारत और यूरोपियन फ्री ट्रेड एसोसिएशन देशों के बीच ऐतिहासिक व्यापार और आर्थिक साझेदारी समझौता लागू हुआ था। ▶▶|शेष पेज 7 पर

### पहलगाम हमले पर एकजुटता दिखाने पर थैंक्यू बोला

पीएम मोदी ने आगे कहा, मैं पिछले वर्ष नॉर्वे आने वाला था, लेकिन पहलगाम में हुए आतंकी हमले के कारण वह यात्रा स्थगित करनी पड़ी। उस कठिन समय में नॉर्वे ने आतंकवाद के विरुद्ध भारत के साथ मजबूती से खड़े होकर सच्ची मित्रता का परिचय दिया।

### पीएम मोदी को नॉर्वे का सर्वोच्च नागरिक सम्मान

ओस्लो। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सोमवार को नॉर्वे के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ग्रैंड क्रॉस ऑफ द रॉयल नॉर्वेजियन ऑर्डर ऑफ मेरिट' से सम्मानित किया गया। मोदी को यह सम्मान भारत-नॉर्वे संबंधों को आगे बढ़ाने में उनके योगदान और उनके नेतृत्व के लिए दिया गया। यह प्रधानमंत्री मोदी को मिला 32वां अंतरराष्ट्रीय सम्मान है। नॉर्वे के राजा हेराल्ड पंचम ने प्रधानमंत्री मोदी को 'ग्रैंड क्रॉस ऑफ द रॉयल नॉर्वेजियन ऑर्डर ऑफ मेरिट' प्रदान किया।

### पीएम मोदी ने नॉर्वे की जमकर की तारीफ

इस दौरान पीएम मोदी ने कहा, नॉर्वे की यात्रा करके मुझे बहुत खुशी हो रही है। यह देश नेचर और ह्यूमन प्रोग्रेस के बीच हार्मनी का एक सुंदर उदाहरण है। सबसे पहले, मैं प्रधानमंत्री का इस आत्मीयता भरे स्वागत के लिए हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ। और कल नॉर्वे के संविधान दिवस के महत्वपूर्ण अवसर पर, मैं विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र की ओर से, नॉर्वे जैसे सुदृढ़ और जीवंत लोकतंत्र की जनता को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं।

## नीट पेपर लीक मामले में दो बड़ी कार्रवाई, एनटीए से सवाल-जवाब करेगी संसदीय समिति

# एनटीए के चेयरमैन तलब, लातूर के कोचिंग संचालक पर कसा सीबीआई का शिकंजा

नीट पेपर लीक मामले में हर दिन कार्रवाई हो रही है। संसद की एक समिति ने एनटीए अध्यक्ष प्रदीप कुमार जोशी और अन्य नौकरशाहों को सवाल-जवाब के लिए बुलाया है। इधर, सीबीआई ने महाराष्ट्र के लातूर से केमिस्ट्री कोचिंग के संचालक शिवराज रघुनाथ मोटेगांवकर को 4 दिन की पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया है। नीट पेपर लीक मामले यह 10वीं गिरफ्तारी है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सीबीआई ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा- स्नातक (नीट यूजी) प्रश्नपत्र लीक मामले में रेणुताई करियर सेंटर (आरसीसी) के संस्थापक शिवराज रघुनाथ मोटेगांवकर को गिरफ्तार किया है। सीबीआई के अधिकारियों ने बताया कि रविवार को सीबीआई ने मोटेगांवकर के आवास की तलाशी ली थी और उस दौरान उसके मोबाइल फोन से मेडिकल प्रवेश परीक्षा का लीक हुआ प्रश्न पत्र मिला, इसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि मोटेगांवकर नीट यूजी प्रश्नपत्र को लीक करने और प्रसारित करने में शामिल संगठित गिरोह का सक्रिय सदस्य था। ▶▶|शेष पेज 7 पर

- कोर्ट में पेशी के बाद नौ दिन की हिरासत में शिवराज रघुनाथ

### महाराष्ट्र के लातूर से केमिस्ट्री कोचिंग के संचालक गिरफ्तार

### रेणुताई केमिस्ट्री कोचिंग पर छापेमारी

शिवराज रघुनाथ मोटेगांवकर का लातूर समेत 7 जिलों में रेणुताई केमिस्ट्री क्लासेस (आरसीसी) नाम का कोचिंग सेंटर है। रविवार को सीबीआई ने आरसीसी के मेन ऑफिस पर छापा मारकर कई डॉक्यूमेंट्स और इलेक्ट्रॉनिक सामान भी जब्त किया। इससे पहले 15 मई को मोटेगांवकर से उसके लातूर स्थित घर पर 8 घंटे पूछताछ की थी। बताया जा रहा है कि कोचिंग सेंटर का 100 करोड़ रुपए का टर्नओवर है। सीबीआई का आरोप है कि मोटेगांवकर ने सेंटर में नीट कैंडिडेट्स समेत कई लोगों को हाथ से लिखे नोट्स लीक उपलब्ध कराए। परीक्षा के बाद नोट्स को नष्ट किया गया।




### पर्सनल मोबाइल से बरामद हुआ पेपर

सीबीआई ने अदालत को बताया कि कोचिंग संचालक शिवराज रघुनाथ मोटेगांवकर को रविवार शाम लातूर से गिरफ्तार किया गया था। उसकी तलाशी के दौरान 3 मई को हुए परीक्षा के लीक हुए प्रश्न पत्र की कॉपी उनके पर्सनल मोबाइल फोन से बरामद हुई है।

### समान सवालों से बढ़ा शक

रेणुताई केमिस्ट्री क्लासेस पर शक तब और गहरा हो गया जब सीबीआई को एक गंभीर शिकायत मिली। शिकायत में दावा किया गया कि आरसीसी इंस्टीट्यूट के मॉक टेस्ट पेपर के कई सवाल नीट 2026 के असली प्रश्नपत्र से मिलते-जुलते पाए गए हैं। इसी बीच एक सोशल मीडिया वीडियो भी सामने आया, जिसमें संस्थान प्रमुख छात्रों से पूछते दिख रहे हैं कि मॉक टेस्ट के कितने सवाल असली परीक्षा में आए, जिस पर छात्र सकारात्मक जवाब देते नजर आते हैं। हर साल करीब 40 हजार छात्र यहां नीट और जेईई की तैयारी के लिए दाखिला लेते हैं।

### सुधारों और नीट पेपर लीक पर चर्चा करेगी संसदीय समिति

संसद की एक समिति ने एनटीए में सुधारों के कार्यान्वयन के साथ-साथ मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी पेपर लीक मामले की समीक्षा करने का फैसला किया है। एनटीए अध्यक्ष प्रदीप कुमार जोशी और अन्य नौकरशाहों को सवाल-जवाब के लिए बुलाया है। राज्यसभा के एक नोटिस में कहा गया है कि शिक्षा, महिला, बाल, युवा और खेल संबंधी संसद की स्थायी समिति 21 मई को कथित पेपर लीक और एनटीए में सुधारों पर शिक्षा मंत्रालय के शीर्ष नौकरशाहों से बात करेगी।

### इधर, प्रधान के खिलाफ कांग्रेस का विशेषाधिकार हनन का नोटिस

राज्यसभा में कांग्रेस के मुख्य सचेतक जयराम रमेश ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया है। राज्यसभा के सभापति सीपी राधाकृष्णन को भेजे गए नोटिस में रमेश ने कहा कि मेडिकल नीट परीक्षा रद्द होने के बाद 15 मई को एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान धर्मेंद्र प्रधान ने शिक्षा संबंधी संसद की स्थायी समिति के खिलाफ कुछ 'अपमानजनक' टिप्पणियां कीं। कांग्रेस नेता ने सोमवार एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि नियमों के नियम 187 के तहत विशेषाधिकार के प्रश्न का नोटिस दिया है।

## खबर संक्षेप

### मेडिकल छात्र ने छात्रावास से कूदकर दे दी जान

**इंदौर।** इंदौर में शासकीय महात्मा गांधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय के एक स्नातकोत्तर छात्र ने छात्रावास की छठी मंजिल से कथित तौर पर छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान अमन पटेल (28) के रूप में हुई है। पटेल मूलतः जबलपुर के निवासी थे। इंदौर के महाविद्यालय से एमडी की पढ़ाई कर रहे थे।

### ट्रक एवं ऑटो की टक्कर सात की गई जान

**खगड़िया।** बिहार के खगड़िया जिले के मानसी क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग-31 पर एक तेज रफ्तार ट्रक एवं ऑटो-रिक्शा की आमने-सामने की टक्कर में एक महिला एवं एक बच्चे समेत सात लोगों की मौत हो गई जबकि चार अन्य घायल हो गए। इस घटना के हताहतों की पहचान की जा रही है। राष्ट्रीय राजमार्ग-31 पर एक तेज रफ्तार ट्रक एवं ऑटो-रिक्शा के बीच आमने-सामने की टक्कर में सात लोगों की मौत हो गयी।

### वैन और ट्रक की टक्कर में 10 लोगों की मौत

**लखीमपुर खीरी।** यूपी के लखीमपुर खीरी जिले के ईसानगर थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह एक वैन और ट्रक की आमने-सामने की टक्कर में चालक समेत 10 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में जयदीप सिंह (25), अदनान खान (15), पवन राजभर (23), सोहन राजभर (21), रामगोपाल (42), सहज राम (35), पप्पू गौतम (18), गायत्री वैश्य आदि हैं।

## अतिक्रमणधारियों ने वन अमले को घेरा

# उदंती टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर पर किया हमला

» मौके पर भारी पुलिसबल तैनात

» उपनिदेशक ने कहा- स्थिति कंट्रोल में है और सभी सुरक्षित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक वरूण जैन और वन विभाग की टीम पर सोमवार को अतिक्रमणकारियों ने जानलेवा हमला कर दिया। घटना उदंती अभ्यारण के कोर जोन अंतर्गत सीतानदी रेंज के जैतपुरी गांव की बताई जा रही है। वन विभाग की टीम एवं पुलिस यहां अतिक्रमणकारियो के खिलाफ कार्रवाई करने पहुंची थी। दरअसल उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के भीतर बड़े पैमाने ▶▶|शेष पेज 7 पर

### कार्रवाई रहेगी जारी : जैन

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक वरूण जैन ने बताया की अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कार्रवाई के दौरान जो हमला किया गया है उसमें सभी सुरक्षित हैं। पूरी स्थिति कंट्रोल में ले लिया गया है।

### क्या है मामला

जानकारी के मुताबिक, अभयारण्य प्रशासन ने पिछले दिनों कोर क्षेत्र में अतिक्रमण के मामलों को लेकर 166 अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू की थी। सभी के विरुद्ध वन अपराध का मामला दर्ज कर नोटिस तमिल किया गया था। कुछ ने जवाब दिया था, पर बयान दर्ज नहीं हुआ था। मामले में दो नोटिस के बाद आरोपियों ने अग्रिम जमानत याचिका लगाया था, जो खारिज हो गया।

### जंगल को बचाने लगातार कार्रवाई

ज्ञात हो कि यह पूरा विवाद लगभग एक लाख पेड़ो की अवैध कटाई और जंगल में अवैध अतिक्रमण का है। उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक वरूण जैन लगातार कार्रवाई करते हुए जंगल को अतिक्रमणमुक्त कराने लगे हुए हैं।

**कपड़े धोने गई थी महिला बड़ी बेटी ने तैरकर बचाई अपनी जान**

# घोघरा डैम में डूबने से गर्भवती और मासूम बेटी की गई जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जशपुरनगर

पत्थलगांव थाना क्षेत्र के ग्राम बालाझार स्थित घोघरा डैम में रविवार दोपहर हुए एक दर्दनाक हादसे ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया। डैम में नहाने के दौरान गहरे पानी में डूबने से एक गर्भवती महिला और उसकी 8 वर्ष की मासूम बेटी की मौत हो गई। बड़ी बेटी ने तैरकर अपनी जान बचाई और घटना की जानकारी परिजन को दी। घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ▶▶|शेष पेज 7 पर



### एक झटके में उजड़ गया परिवार

इस हृदयविदारक हादसे ने मृतका के पति इमानवेल तिग्गा और पूरे परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है। परिवार ने एक ही घटना में पत्नी, गर्भ में पल रहे बच्चे और मासूम बेटी को खो दिया।

### सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई जाए

घटना के बाद ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि डैम के खतरनाक हिस्सों में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की जाए। लोगों ने चेतावनी बोर्ड लगाने, बैरिकेडिंग कराने और संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी बढ़ाने की मांग की है, ताकि इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।

## परिजन ने शव रखकर एनएच पर किया प्रदर्शन

# कार ने सड़क किनारे मौजूद दो युवकों को कुचला, मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबिकापुर

बीती रात एनएच 130 पर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। तेज रफ्तार कार ने सड़क किनारे कार की टायर में हवा दाल रहे युवक समेत दो लोगों को कुचल दिया। टक्कर इतनी जोरदार थी की दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि घटना के ▶▶|शेष पेज 7 पर

### मुआवजा व सीसीटीवी लगाने की मांग

सोमवार को घटना में मारे गए युवकों के परिजन ने एनएच 130 पर पर शव रखकर चक्का जाम कर दिया। आक्रोशित स्थानीय लोगों और परिजन ने सांडबार बेरियर के समीप शव को सड़क पर रखने के साथ ही टायर जलाकर दोपहर ढाई बजे धरना प्रदर्शन शुरू किया।

## केरलम में सतीशन के नेतृत्व वाली नई सरकार

# पहली बार सीएम के साथ पूरी कैबिनेट ने ली शपथ

एजेंसी ▶▶| तिरुवनंतपुरम

केरलम में वाम मोर्चे को सत्ता से बेदखल कर 10 साल के बाद फिर से कांग्रेस नीत यूडीएफ की सरकार बनाने में अहम भूमिका निभाने वाले वी.डी. सतीशन ने सोमवार को यहां सेंट्रल स्टेडियम में मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। सतीशन के 20 सदस्यीय मंत्रिमंडल को भी राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने शपथ दिलाई। करीब 60 साल में केरल में ऐसा पहली बार है, जब मुख्यमंत्री के साथ पूरी कैबिनेट ने ▶▶|शेष पेज 7 पर

### 14 विधायक पहली बार बने मंत्री

केरलम की कैबिनेट में 14 विधायकों ने पहली बार मंत्री पद की शपथ ली। इसमें सीपी जॉन और एन शमसुद्दीन, केएम शाजी, पीके बशीर और वीई अब्दुल गफूर, पीसी विष्णुनाथ, रोजी एम जॉन, बिंदु कृष्णा, टी सिद्दीकी, केए थुलसी और ओजे जनीश शामिल हैं। कांग्रेस ने स्पीकर और डिप्टी स्पीकर पद भी अपने पास रखे हैं।



### 22 को विस अध्यक्ष का चुनाव

केरलम विधानसभा में विधायकों का शपथ ग्रहण के बाद 22 मई को विधानसभा अध्यक्ष का चुनाव होगा। राज्यपाल का नीतिगत संबोधन 29 मई को निर्धारित है, और राज्य का बजट 5 जून तक पेश किए जाने की संभावना है।

### शपथ लेते ही दी सौगात

सतीशन ने कहा कि सरकार आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के मासिक मानदेय में 1,000 रुपए की वृद्धि करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि स्कूलों में खाना बनाने वाले कर्मचारियों को अतिरिक्त 1,000 रुपए प्रतिमाह दिए जाएंगे और प्री-प्राइमरी शिक्षकों तथा आया के मानदेय में भी 1,000 रुपये की बढ़ोतरी की जाएगी।

### सीएम शुभेंदु के पीए की हत्या का आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के सहयोगी चंद्रकांत रथ की हत्या के मामले में मुख्य आरोपी माने जा रहे राजकुमार सिंह को सोमवार को गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने बताया कि सिंह को सीबीआई की एक टीम ने उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर से गिरफ्तार किया। अधिकारी के निजी सहायक रथ की छह मई को मध्यग्राम में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। यह घटना पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के नतीजों की घोषणा के दो दिन बाद हुई थी। पश्चिम बंगाल सरकार के अनुरोध के बाद सीबीआई ने पश्चिम बंगाल पुलिस से रथ की हत्या मामले की जांच अपने हाथ में ले ली है।

## 90 की मौत के बाद डब्ल्यूएचओ ने जारी की हेल्थ इमरजेंसी

### भारत ने एयरपोर्ट पर बढ़ाई निगरानी, अभी यहां नहीं है एक भी मामला

# दुनिया में इबोला का खौफ... जारी किया गया ग्लोबल अलर्ट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अफ्रीका में इबोला वायरस एक बार फिर से तेजी से फैल रहा है। इतना ज्यादा कि डब्ल्यू यानी वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन को इसे दुनिया की सबसे बड़ी हेल्थ इमरजेंसी घोषित करना पड़ा। 300 से ज्यादा लोग बीमार हो चुके हैं और करीब 90 लोगों की मौत हो चुकी है। भारत में अभी कोई मामला नहीं है, लेकिन सरकार और डॉक्टर सतर्क हो गए हैं। अफ्रीका के दो देशों, डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ़ कांगो यानी डीआरसी और युगांडा में इबोला वायरस तेजी से फैल रहा है। वहां 300 से ज्यादा लोगों में इबोला के लक्षण मिले हैं और करीब 90 लोगों की मौत हो गई है। इसे देखते हुए डब्ल्यू ने इसे पीएचईआईसी यानी अंतर्राष्ट्रीय चिंता का सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित किया है। सीधे शब्दों में कहें तो यह दुनिया का सबसे ऊंचा हेल्थ अलर्ट होता है, जो तब जारी होता है जब कोई बीमारी सिर्फ एक देश तक सीमित न रहकर पूरी दुनिया के लिए खतरा बन सकती है।

■ हिंदुस्तान में पहले आ चुका है एक मामला

### तीसरी बार जारी हुआ वैश्विक एलर्ट

यह तीसरी बार है जब इबोला की वजह से यह अलर्ट जारी हुआ है। इससे पहले 2014 में वेस्ट अफ्रीका में हुए भयानक इबोला आउटब्रेक में 11,000 से ज्यादा लोगों की जान गई थी। तब भी डब्ल्यू ने यही अलर्ट जारी किया था। फिर 2019 में डीआरसी में दोबारा यह अलर्ट लगाना पड़ा था।



**भारत को क्यों होनी चाहिए चिंता? :** भारत में अभी इबोला का कोई मामला नहीं है। लेकिन दुनिया आज इतनी जुड़ी हुई है कि कोई भी बीमारी किसी भी देश में पहुंच सकती है। हवाई यात्रा से कोई भी वायरस घंटों में एक देश से दूसरे देश पहुंच सकता है। इसलिए एयरपोर्ट में निगरानी बढ़ा दी गई है। भारत में पहले भी एक मामला आ चुका है। नवंबर 2014 में दिल्ली में एक 26 साल के युवक में इबोला पाया गया था, जो लाइबेरिया से लौटा था। उस वक्त सरकार ने तुरंत उसे अलग किया, सभी संपर्कों की जांच की और बीमारी को फैलने से रोक दिया।

### भारत ने उठाए एहतियाती कदम

भारत सरकार की संस्था नेशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल यानी एनसीडीसी इस पूरी स्थिति पर नजर रख रहा है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक रिव्यू मीटिंग भी की, जिसमें देश की तैयारियों, एयरपोर्ट स्क्रीनिंग और अगर कोई मामला आए तो क्या करना है, इन सब बातों पर चर्चा हुई। सरकार ने जो कदम उठाए हैं उनमें अफ्रीकी देशों से आने वाले यात्रियों की एयरपोर्ट पर कड़ी स्क्रीनिंग, संदिग्ध मरीज को तुरंत अलग करना, डॉक्टरों और नर्सों को पूरी सुरक्षा किट पहनना और हाथ धोने सहित साफ-सफाई का पालन शामिल है। मेदांता के डॉ. रणदीप गुलेरिया, ने कहा कि घबराने की जरूरत नहीं है, लेकिन अस्पतालों को अलर्ट रहना होगा। खासकर उन मरीजों के लिए जो विदेश से आए हों और जिन्हें अचानक बुखार या ब्लीडिंग जैसे लक्षण हों।

### यह है इबोला, ऐसे फैलता है यह

इबोला वायरस एक अत्यंत संक्रामक और जानलेवा वायरस है जो मनुष्यों और प्राइमेट्स (बंदरों, चिंपांजी) में 'इबोला वायरस रोग' पैदा करता है। यह संक्रमित व्यक्ति या जानवर के रक्त, लार, पसीने, उल्टी या मल-मूत्र के सीधे संपर्क में आने से तथा संक्रमित वस्तुएं जैसे वायरस से दूषित सुई या कपड़ों को छूने से यह फैलता है। आमतौर पर वायरस के संपर्क में आने के 2 दिन से 3 सप्ताह के भीतर लक्षण दिखने लगते हैं। इबोला से संक्रमित होने पर अचानक तेज बुखार और अत्यधिक थकान, सिर, मांसपेशियों और गले में दर्द, उल्टी, दस्त और पेट में दर्द, त्वचा पर चकत्ते होते हैं।

## खबर संक्षेप

### पेस की मां और ओलंपियन जेनिफर का हुआ निधन



**नई दिल्ली।** भारतीय महिला बास्केटबॉल टीम की पूर्व कप्तान और ओलंपियन जेनिफर पेस का 17 मई को लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। जेनिफर 72 वर्ष की थीं और वह भारतीय टेनिस के दिग्गज खिलाड़ी लिएंडर पेस की मां थीं। परिवार के एक सूत्र ने बताया, 'वह कैंसर से गंभीर रूप से पीड़ित थीं और उन्होंने रविवार को अंतिम सांस ली। उनका अंतिम संस्कार आज कोलकाता के सेंट थॉमस चर्च में हुआ।' उनका जन्म का नाम जेनिफर डटन था और वह प्रसिद्ध बंगाली कवि और नाटककार माइकल मधुसूदन दत्त की वंशज थीं।

### शिकागो : सड़क हादसे में भारतीय छात्रा की मौत

**शिकागो।** अमेरिका के शिकागो के पास सड़क हादसे में 25 वर्षीय भारतीय छात्रा नव्या गडुसु की मौत हो गई। हादसे में 6 अन्य लोग घायल हुए हैं। हादसा शनिवार देर रात इंडियाना राज्य के लेक काउंटी में इंटरस्टेट-65 हाईवे पर हुआ। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, नव्या गडुसु को रात 12:16 बजे मृत घोषित किया गया। लेक काउंटी कोरोनर ऑफिस ने बताया कि उनकी मौत सड़क हादसे में लगी गंभीर चोटों की वजह से हुई। भारतीय वाणिज्य दूतावास ने कहा कि वह पीड़ित परिवार के संपर्क में है।

## जस्टिस नागरत्ना-भुइयां की बेंच ने कहा- यूएपीए में भी बेल ही नियम

# 'खालिद-शरजील की जमानत' अपने ही फैसले पर सुप्रीम कोर्ट ने जताई आपत्ति

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

*सुप्रीम कोर्ट की दो जजों वाली बेंच ने सोमवार को उमर खालिद और शरजील इमाम को ज़मानत देने से इनकार करने वाले अपने ही एक फैसले पर सवाल उठाए। दोनों पर दिल्ली दंगा मामले में गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम यानी यूएपीए के तहत आरोप लगाए गए हैं।*

जस्टिस बी. वी. नागरत्ना और उज्जल भुइयां की बेंच ने कहा कि जनवरी में दिया गया फैसला यूएपीए मामलों में तय ज़मानत सिद्धांतों से अलग था। इन सिद्धांतों में व्यक्तिगत स्वतंत्रता को सबसे ऊपर माना गया है और कहा गया है कि आतंकवाद से जुड़े मामलों में भी 'बेल नियम है और जेल अपवाद', खासकर तब जब मुकदमा लंबे समय तक लंबित हो. बेंच ने 2021 के केए नजीब फैसले का हवाला दिया, जिसमें तीन जजों की बेंच ने कहा था कि संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत त्वरित सुनवाई का अधिकार यूएपीए के आरोपियों पर भी लागू होगा। इसका मतलब यह है कि अगर मुकदमे में बिना वजह और बहुत ज्यादा देरी हो रही हो, तो यूएपीए के आरोपी को भी ज़मानत मिल सकती है। पहली नज़र में उसके खिलाफ मामला नहीं बनता। जबकि भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के सामान्य मामलों में ऐसा नहीं होता।

**जनवरी में दिया गया फैसला बताया तय ज़मानत सिद्धांतों से अलग**



### दो जजों का फैसला अस्वीकार्य

दिल्ली दंगों से संबंधित गुलफिशा फातिमा मामले में दो न्यायाधीशों की पीठ द्वारा दिए गए फैसले को अस्वीकार करते हुए शीर्ष अदालत ने कहा कि इसमें के. ए. नजीब मामले में दिए गए फैसले का ठीक से पालन नहीं किया गया है जिसमें यूएपीए के तहत मामलों में लंबे समय तक मुकदमे में देरी को जमानत का आधार माना गया था। दिल्ली दंगा मामले में शीर्ष अदालत ने कई आरोपियों को जमानत दे दी थी लेकिन छात्र नेता उमर खालिद और शरजील इमाम को यह राहत नहीं मिली थी।

### ऐतिहासिक है 2021 में दिया गया फैसला

शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया है कि के.ए. नजीब मामले में उसका फैसला बाध्यकारी कानून है और अधीनस्थ अदालतों, उच्च न्यायालयों या यहां तक कि उच्चतम न्यायालय की अधीनस्थ पीठों द्वारा भी इसे कमजोर, दरकिनार या नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। के. ए. नजीब मामला यूएपीए के तहत जमानत के संबंध में 2021 में दिया गया उच्चतम न्यायालय का एक ऐतिहासिक फैसला है।

### यह है मामला

जनवरी में उमर खालिद और शरजील इमाम को जमानत देने से इनकार करने वाली बेंच ने कहा था कि दोनों की स्थिति बाकी आरोपियों से 'गुणात्मक रूप से अलग' है। इसलिए उन्हें केए नजीब फैसले के सिद्धांतों का लाभ नहीं दिया गया। हालांकि, जस्टिस अरविंद कुमार की अगुवाई वाली बेंच ने पांच अन्य आरोपियों को जमानत दे दी थी। उस बेंच ने कहा था कि उमर खालिद और शरजील इमाम 2020 के दंगों के मुख्य योजनाकार थे और उन्होंने दंगों की 'योजना, लोगों को जुटाने और रणनीतिक दिशा' देने में भूमिका निभाई थी। इसी वजह से उनके लिए जमानत पाना मुश्किल बताया गया था।

### न्यायिक अनुशासन पर सुप्रीम कोर्ट की जोरदार टिप्पणी

बेंच ने इस बढ़ती प्रवृत्ति पर चिंता जताई कि छोटी बेंचें बड़ी बेंचों के फैसलों का पालन नहीं कर रही हैं। अदालत ने कहा, 'खास तौर पर चिंता की बात यह है कि छोटी बेंचें बिना सीधे असहमति जताए, बड़ी बेंच के फैसलों की संवैधानिक ताकत को धीरे-धीरे कमजोर कर रही हैं।' कोर्ट ने याद दिलाया कि छोटी बेंचें बड़ी बेंचों के फैसलों को मानने के लिए बाध्य हैं। न्यायिक अनुशासन की मांग है कि ऐसे बाध्यकारी फैसलों का पूरी तरह पालन किया जाए या अगर कोई संदेह हो तो मामला बड़ी बेंच को भेजा जाए। छोटी बेंच बड़ी बेंच के फैसले को कमजोर, दरकिनार या नजरअंदाज नहीं कर सकती।

## निगरानी के लिए बनाई अथॉरिटी

# बढ़ेगा तेल संकट! होर्मुज में ईरान ने लागू की नई व्यवस्था




एजेंसी ▶▶| तेहरान

ईरान ने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज पर नई व्यवस्था लागू करने का ऐलान कर दिया है। नई अथॉरिटी बनाई है सुप्रीम नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए इसकी जानकारी दी कि सबसे अहम समुद्री व्यापार मार्गों में शामिल स्ट्रेट के प्रबंधन हेतु नया निकाय 'पर्शियन गल्फ स्ट्रेट अथॉरिटी (पीजीएसए)' बनाया गया है, जो समुद्री संचालन पर रियल टाइम निगरानी रखेगी।

ईरानी संसद की राष्ट्रीय सुरक्षा समिति के प्रमुख इब्राहिम अजीजी ने एक्स पर लिखा, 'ईरान ने अपनी राष्ट्रीय संप्रभुता और अंतरराष्ट्रीय व्यापार सुरक्षा की गारंटी के तहत स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में यातायात प्रबंधन के लिए एक पेशेवर तंत्र तैयार किया है, जिसे जल्द ही सार्वजनिक किया जाएगा। इस प्रक्रिया में केवल वाणिज्यिक जहाज और ईरान के साथ सहयोग करने वाले पक्ष ही लाभान्वित होंगे।' अजीजी के अनुसार, इस तंत्र के तहत विशिष्ट सेवाओं के लिए आवश्यक शुल्क भी लिया जाएगा। वहीं, यह मार्ग तथाकथित 'फ्रीडम प्रोजेक्ट' के संचालनकर्ताओं के लिए बंद रहेगा।

### इधर, हथियार लेकर पहुंचे अमेरिकी विमान

यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है, जब पश्चिम एशिया में तनाव और समुद्री सुरक्षा को लेकर चिंताएं लगातार बढ़ रही हैं। वहीं, इजरायली मीडिया की रिपोर्ट्स दावा कर रही हैं कि अमेरिकी विमान बड़ी मात्रा में हथियार लेकर इजरायल पहुंच गए हैं और इजरायली सेना को भी हाई अलर्ट पर रखा गया है।





## मेक्सिको में दिल दहला देने वाली वारदात

# अंधाधुंध फायरिंग, मासूम समेत 10 को गोलियों से भूना

एजेंसी ▶▶| मेक्सिको

लैटिन अमेरिकी देश मेक्सिको में जारी गैंगवार और हिंसा का दौर थमने का नाम नहीं ले रहा है। मेक्सिको के मध्य हिस्से में स्थित पुएब्ला राज्य से रविवार को एक बेहद दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है। यहां के तेहुइतजिंगो नगरपालिका क्षेत्र में अज्ञात हथियारबंद हमलावरों ने अंधाधुंध फायरिंग कर एक मासूम बच्चे सहित कम से कम 10 लोगों को मौत के घाट उतार दिया। राज्य की खुफिया टीमें और जांच एजेंसियां घटना के पीछे की असली वजह और हमलावरों के मकसद का पता लगाने के लिए सबूत जुटा रही हैं। हमलावर वारदात को अंजाम देकर आसानी से फरार होने में कामयाब रहे। पुएब्ला राज्य के सार्वजनिक सुरक्षा मंत्रालय ने बताया कि यह हमला बेहद योजनाबद्ध तरीके से किया गया था।



### अज्ञात हमलावर हैं फरार

मंत्रालय ने कहा कि हमलावरों को दबोचने के लिए राज्य और संघीय सुरक्षा बलों ने मिलकर एक बड़ा और संयुक्त अभियान शुरू किया है। पूरे तेहुइतजिंगो और उसके आसपास के इलाकों में सुरक्षा बलों की भारी तैनाती कर दी गई है और संदिग्ध ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है।

## 155 करोड़ की बैंक धोखाधड़ी मामला

# ईडी का बड़ा एक्शन, आप नेता सिंगला हुए गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को आम आदमी पार्टी के नेता दीपक सिंगला को 155 करोड़ रुपये के बैंक धोखाधड़ी मामले में गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है कि ये पूरी कार्रवाई महेश टिम्बर प्राइवेट लिमिटेड से जुड़े 155 करोड़ रुपये के बैंक फ्रॉड मामले में की गई है। इस वित्तीय घोटाले के तार आम आदमी पार्टी के पहले से ही गिरफ्तार पंजाब के मंत्री संजीव अरोड़ा से भी जुड़े हुए हैं। इसी कड़ी को जोड़ने और अहम सबूत जुटाने के लिए जांच एजेंसी ने ये पैन इंडिया ऑपरेशन चलाया और वित्तीय हेरफेर के पुख्ता सबूत मिलने के बाद आप नेता को हिरासत में ले लिया है। वहीं, ईडी की इस कार्रवाई पर आप प्रमुख केजरीवाल ने तीखी प्रतिक्रिया दी है।



### 7 ठिकानों पर छापेमारी

सूत्रों ने बताया कि ईडी की टीम ने आज सुबह दीपक सिंगला, महेश सिंगला, अमरिक गिल और अन्य से जुड़े गोवा-दिल्ली में 7 अलग-अलग ठिकानों पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान मिले सबूतों के आधार पर सिंगला को गिरफ्तार किया गया है। सूत्रों के मुताबिक, सिंगला को इस फ्रॉड में सीधे तौर पर शामिल बताया जा रहा है। दीपक के अलावा महेश सिंगला और अमरिक गिल के नाम भी इस मामले में सामने आया है।



Top University Rank #No. 1 in Chhattisgarh for four years. by UniRank

ITM UNIVERSITY

# ITM University®

## #NO. 1 UNIVERSITY IN CG.

Campus: Atal Nagar-Nava Raipur, Uparwara, Chhattisgarh.



LEARN
ENJOY
GROW
SUCCEED

**Join ITM University - NAAC (B+) Accredited #1 University in Chhattisgarh**

## Why ITM University?

| 100% | 25 | 950+ | 10,000+ |
|---|---|---|---|
| Job Placement Assistance | Global Collaborations | Corporate Recruiters | Alumni Network |

- Opportunity to get placed in Tier-I cities of India.
- Industry experienced professors.
- Bus services from Raipur, Durg, Bhilai & Rajim.
- 25 Acres of lush green campus
- Modern Infrastructure with Hi-Tech labs.

## Strategic partnerships

FPT Fpt University, RR ISPAT, swayam, NISM National Institute of Securities Markets, CII Confederation of Indian Industry, Grant Thornton, Tally POWER OF SIMPLICITY, MARUTI SUZUKI

## Awards & Ranking

- Innovation Leader 4 Star Rating in ARIIA & IIC Rankings
- Academic Excellence Consistent A3 Band achievement in OBE Rankings.
- Titanium + Recognition by R-World Institutional Ranking (India) 2026.

## Some of our Top Recruiters

IDBI BANK, Jaquar LIGHTING, Godrej, HYATT, RADISSON HOTEL, Muthoot Finance, IndusInd Bank, airtel, PLANETSPARK, ITC Limited

FREE
Invitation for
TOPPERS Ki mehfil

**Scored 75% & Above?**
*Get ready to be Celebrated like a STAR!*
Campus experience along with the felicitation ceremony, inspiring sessions & exciting fun activities
**20th May, 2026 • 10:00 am onwards**



## Admissions Open 2026

**BBA**
- Marketing
- Finance
- Human Resource
- Digital Marketing
- Entrepreneurship

**BBA** in Banking & Finance

**BBA** in Logistics & Supply Chain Management

**B.Com (Hons.)**
- Banking
- Entrepreneurship
- Marketing
- Finance

**B.Tech CSE.**
- CTIS : Cloud Technology & Information Security
- AIML : (Artificial Intelligence & Machine Learning)
- Data Science

**B. Tech Lateral Entry**
Eligibility: A valid diploma in any branch of engineering.

**BCA** in CTIS & MAIS
CTIS : Cloud Technology & Information Security
MAIS : Mobile Application & Information Security

**MCA**

**MBA**
- Human Resource
- Marketing
- Finance
- Business Analytics
- Entrepreneurship and Family Business

**BBA LL.B (Hons.)**

**LL.M.**

**B.Sc. HTM**
Hospitality and Tourism Management

**BBA** in International Hospitality Management

**B.A. (Hons.)**
- Psychology

**Ph.D.** In various disciplines

## Placement Highlights

| | | |
|---|---|---|
| 12 LPA IDBI BANK | 6.5 LPA Jaquar LIGHTING | 5 LPA IndusInd Bank |
| 5 LPA airtel | 6.5 LPA PLANETSPARK | International Placement DUBAI GRAND HYATT |

**For Free Counselling: 84520 19710**
Admission enquiry: 98265 98201 / 02

**Admission Offices**
Raipur : 3rd Floor, Shyam Plaza, Pandri, Raipur, C.G.
Bhilai : Shop No. 172, Chouhan Estate, G.E. Road, Bhilai. C.G.

**SCAN THE CODE TO APPLY ONLINE**

## चिंतन

# ऊर्जा सुरक्षा देश की पहली प्राथमिकता

वैश्विक राजनीति, युद्ध और आर्थिक प्रतिस्पर्धा के इस दौर में ऊर्जा सुरक्षा किसी भी देश की स्थिरता और विकास की सबसे बड़ी आवश्यकता बन चुकी है। ऐसे में भारत ने स्पष्ट कर दिया है कि वह रूस से तेल खरीद बंद करने नहीं जा रहा है, चाहे अमेरिका की विशेष छूट समाप्त ही क्यों न हो जाए। यह केवल एक आर्थिक निर्णय नहीं, बल्कि भारत की स्वतंत्र विदेश नीति और राष्ट्रीय हितों को सर्वोच्च रखने की नीति का स्पष्ट संकेत है। सरकारी प्रवक्ता ने तो यहां तक दावा किया है कि हम रूस से तेल खरीदते थे, खरीदते हैं और खरीदते रहेंगे। यह एक तरह से अमेरिका की धमकी का सीधा जवाब है। भारत ने स्पष्ट कर दिया है कि वह ऊर्जा सुरक्षा को लेकर किसी के दबाव में नहीं आएगा। वहीं, पीएम नरेंद्र मोदी भी पांच देशों के दौरे पर हैं। उन्होंने भारत के रणनीतिक पेट्रोलियम रिजर्व में यूएई का कच्चा तेल स्टोर करने और भारत को तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) व प्राकृतिक गैस (एलएनजी) की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए यूएई के साथ समझौता किया है, वहीं नॉर्वे के साथ भी ग्रीन स्ट्रेटजिक पार्टनरशिप की शुरुआत की गई है, जिसके तहत जलवायु परिवर्तन, स्वच्छ ऊर्जा, समुद्री अर्थव्यवस्था (ब्लू इकॉनमी) और ग्रीन शिपिंग जैसे क्षेत्रों में सहयोग को नई ऊंचाइयां दी जाएंगी। इससे सरकार ने साफ कर दिया है ऊर्जा सुरक्षा देश की पहली प्राथमिकताओं में शामिल है। भारत आज दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल उपभोक्ता देश है। देश की अर्थव्यवस्था, परिवहन व्यवस्था, उद्योग और आम जनता की दैनिक जरूरतें ऊर्जा पर ही आधारित हैं। यदि तेल और गैस की आपूर्ति में बाधा आती है तो उसका सीधा असर महंगाई, उत्पादन और आम आदमी की जिंदगी पर पड़ता है। ऐसे में सरकार का प्राथमिक लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि देश में ऊर्जा की उपलब्धता लगातार बनी रहे और कीमतों में अनावश्यक उछाल न आए। रूस-यूक्रेन और अमेरिका-इजराइल व ईरान युद्ध के बाद वैश्विक ऊर्जा बाजार में भारी अस्थिरता देखी गई। पश्चिमी देशों ने रूस पर कई आर्थिक प्रतिबंध लगाए, लेकिन भारत ने इस मुद्दे पर संतुलित और व्यावहारिक नीति अपनाई। भारत ने स्पष्ट किया कि वह अपने नागरिकों और अर्थव्यवस्था के हितों को ध्यान में रखते हुए निर्णय लेगा। रूस से रियायती दरों पर मिलने वाला कच्चा तेल भारत के लिए आर्थिक रूप से लाभकारी साबित हुआ है। इससे देश को ऊर्जा लागत नियंत्रित रखने में मदद मिली और अंतरराष्ट्रीय बाजार में बढ़ती कीमतों का असर कुछ हद तक कम हुआ। अमेरिका द्वारा दी गई विशेष छूट समाप्त होने के बाद भी भारत का रूस से तेल आयात जारी रखने का निर्णय यह दर्शाता है कि भारत अब वैश्विक दबावों से प्रभावित होकर नहीं, बल्कि अपनी रणनीतिक जरूरतों के आधार पर फैसले ले रहा है। देश में गैस और तेल की उपलब्धता बनी रहे इसके लिए सरकार तमाम प्रयास कर रही है। देश में बढ़ती महंगाई आमजन को परेशान कर सकती है, लेकिन भारत की आबादी को देखते हुए ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना अत्यंत कठिन है। हमारी डिमांड और खर्च ज्यादा है। ऐसे में सरकार के प्रयास सराहनीय हैं। लोगों को भी सरकार का सहयोग करना चाहिए और ऊर्जा संरक्षण में अपनी महती भूमिका निभानी चाहिए। दुनिया के तमाम छोटे बड़े देश तेल और गैस संकट से जूझ रहे हैं ऐसे में भारत सरकार के प्रयास काफी सराहनीय हैं।

## सम्मान से सुशासन

बलकार सिंह पूनियां



# पंचायतों की लगातार बदलती विकास यात्रा

भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था की जड़ें गांवों में स्थित ग्राम पंचायतों में निहित हैं। संसद और विधानसभाएं राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर लोकतंत्र को दिशा देती हैं, परंतु लोकतंत्र की वास्तविक आत्मा गांवों में ही जीवित रहती है। भारतीय संविधान के 73वें संशोधन के माध्यम से पंचायती राज संस्थाओं को संवैधानिक दर्जा देकर स्थानीय स्वशासन को सशक्त बनाया गया। इसका उद्देश्य केवल प्रशासनिक विकेंद्रीकरण नहीं था, बल्कि ग्रामीण समाज को विकास प्रक्रिया का सहभागी बनाना था। आज राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार 2025 और पंचायत उन्नति सूचकांक 2.0 यह सिद्ध करते हैं कि पंचायतें अब केवल योजनाओं के क्रियान्वयन की इकाइयां नहीं, बल्कि सुशासन, सामाजिक न्याय और सतत विकास की अग्रणी संस्थाएं बन चुकी हैं। केंद्रीय पंचायती राज मंत्रालय द्वारा घोषित राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार 2025 के अंतर्गत देशभर की 42 पंचायतों को विभिन्न श्रेणियों में सम्मानित किया गया है। यह सम्मान केवल उपलब्धियों की औपचारिक स्वीकृति नहीं, बल्कि ग्रामीण भारत में उभरती उत्तरदायी और पारदर्शी शासन संस्कृति का प्रमाण है। कर्नाटक को छह पुरस्कार तथा आंध्र प्रदेश और ओडिशा को पांच-पांच पुरस्कार प्राप्त होना इस तथ्य को दर्शाता है कि विभिन्न राज्यों की पंचायतें स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप नवाचारी विकास मॉडल प्रस्तुत कर रही हैं। यह इस बात का संकेत है कि यदि पंचायतों को सही संसाधन, नेतृत्व और जनसहभागिता मिले, तो वे विकास की नई इबारत लिख सकती हैं। इन पुरस्कारों की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इन्हें सतत विकास लक्ष्यों के स्थानीयकरण से जोड़ा गया है। गरीबी-मुक्त एवं उन्नत आजीविका पंचायत, स्वस्थ पंचायत, बाल-हितैषी पंचायत, जल-पर्याप्त पंचायत, स्वच्छ एवं हरित पंचायत, सामाजिक न्याय पंचायत, महिला-हितैषी पंचायत तथा आत्मनिर्भर आधारभूत संरचना जैसी श्रेणियां यह स्पष्ट करती हैं कि पंचायतों की भूमिका अब केवल सड़क, नाली और बिजली तक सीमित नहीं रही। अब पंचायतों से अपेक्षा की जा रही है कि वे समग्र ग्रामीण विकास का नेतृत्व करें और सामाजिक, आर्थिक तथा पर्यावरणीय प्रगति सुनिश्चित करें। विशेष रूप से महिला-हितैषी पंचायतों को सम्मानित किया जाना ग्रामीण समाज में बढ़ते महिला नेतृत्व का संकेत है। पंचायतों में महिलाओं की भागीदारी ने निर्णय प्रक्रिया को अधिक संवेदनशील और जनोन्मुख बनाया है। आज अनेक महिला सरपंच शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता और पोषण जैसे विषयों पर उल्लेखनीय कार्य कर रही हैं। इसी प्रकार सामाजिक न्याय पंचायतों को पहचान देना यह दर्शाता है कि विकास केवल आर्थिक उन्नति नहीं, बल्कि सामाजिक समावेशन और समान अवसर सुनिश्चित करने की प्रक्रिया भी है।पंचायत उन्नति सूचकांक 2.0 भारतीय ग्रामीण शासन व्यवस्था में एक ऐतिहासिक पहल है। यह पंचायतों का केवल प्रशासनिक मूल्यांकन नहीं करता, बल्कि आंकड़ा-आधारित पारदर्शी और जवाबदेह शासन को बढ़ावा देता है। वित्तीय वर्ष 2023–24 की रिपोर्ट के अनुसार 33 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 2,59,867 ग्राम पंचायतों एवं पारंपरिक स्थानीय निकायों ने सत्यापित आंकड़े प्रस्तुत किए। लगभग 97.3 प्रतिशत भागीदारी यह सिद्ध करती है कि पंचायतों में डिजिटल शासन और जवाबदेही के प्रति विश्वास बढ़ रहा है। यह ग्रामीण भारत में डेटा-आधारित योजना निर्माण की नई संस्कृति को भी दर्शाता है। रिपोर्ट का महत्वपूर्ण पक्ष यह है कि पंचायतों का मूल्यांकन अब केवल प्रक्रियाओं के आधार पर नहीं, बल्कि विकासात्मक परिणामों के आधार पर किया जा रहा है। अग्रणी श्रेणी में 3,635 ग्राम पंचायतों का शामिल होना और लगभग 1,18,824 पंचायतों का प्रदर्शनकारी श्रेणी में आना यह बताता है कि पंचायतें विकास की नई परिभाषा गढ़ रही हैं। गरीबी उन्मूलन, स्वास्थ्य सुधार, जल संरक्षण, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और महिला सशक्तिकरण जैसे मानकों पर उनका प्रदर्शन मापा जा रहा है। गरीबी-मुक्त एवं उन्नत आजीविका पंचायत श्रेणी में हजारों पंचायतों की सफलता विशेष उल्लेखनीय है। यह दर्शाता है कि स्थानीय स्तर पर रोजगार, स्वरोजगार और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए प्रभावी प्रयास हुए हैं। स्वयं सहायता समूहों, कृषि आधारित उद्यमों और मनरेगा जैसी योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती दी है। इसी प्रकार स्वस्थ पंचायत श्रेणी में पंचायतों की उपलब्धियां यह दर्शाती हैं कि अब पंचायतें स्वास्थ्य, पोषण, टीकाकरण और स्वच्छता जैसे विषयों पर भी प्रभावी हस्तक्षेप कर रही हैं। पंचायतों की सफलता केवल ग्रामीण भारत की सफलता नहीं, बल्कि भारतीय लोकतंत्र की मजबूती और सतत विकास की पहचान भी है।

( लेखक इग्नू में सहायक आचार्य ग्रामीण विकास विभाग हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# सेल्फी का दुरुपयोग भी संभव



**नया खतरा**
महेन्द्र तिवारी

**सेल्फी लेकर तस्वीरें सोशल मीडिया पर अपलोड करने का उद्देश्य अपनी खुशियों और अनुभवों को दुनिया के साथ साझा करना होता है। इन चित्रों के माध्यम से लोग अपनी भावनाएं, जीवनशैली और व्यक्तिगत उपलब्धियां समाज तक पहुंचाते हैं। परंतु, तकनीक की तीव्र गति ने अब इन चित्रों को केवल सुंदर स्मृतियों तक सीमित नहीं रखा है। आज यही तस्वीरें हमारी व्यक्तिगत पहचान और वित्तीय सुरक्षा के लिए एक अत्यंत गंभीर खतरा बनती जा रही हैं। विशेष रूप से एआई के निरंतर बढ़ते प्रभाव ने अंतरजाल आधारित अपराधों को एक सर्वथा नया और चिंताजनक मोड़ दे दिया है। सुरक्षा विशेषज्ञ चेतावनी दे रहे हैं कि हमारे दूरभाष या चित्र-यंत्र से ली गई एक सामान्य सी तस्वीर से भी किसी व्यक्ति की उंगलियों के निशान चोरी किए जा सकते हैं।**

आधुनिक युग में विभिन्न सामाजिक मंचों पर अपने जीवन के विशेष क्षणों को साझा करना मानवीय व्यवहार का एक अनिवार्य हिस्सा बन चुका है। जब कोई व्यक्ति किसी मनोरम स्थान की यात्रा पर जाता है, मित्रों के साथ आनंदमय समय बिताता है, या प्रतिदिन अपनी नई तस्वीरें अपलोड करता है, तो उसका उद्देश्य अपनी खुशियों और अनुभवों को दुनिया के साथ साझा करना होता है। इन चित्रों के माध्यम से लोग अपनी भावनाएं, जीवनशैली और व्यक्तिगत उपलब्धियां समाज तक पहुंचाते हैं। परंतु, तकनीक की तीव्र गति ने अब इन चित्रों को केवल सुंदर स्मृतियों तक सीमित नहीं रखा है। आज यही तस्वीरें हमारी व्यक्तिगत पहचान और वित्तीय सुरक्षा के लिए एक अत्यंत गंभीर खतरा बनती जा रही हैं। विशेष रूप से कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के निरंतर बढ़ते प्रभाव ने अंतरजाल आधारित अपराधों को एक सर्वथा नया और चिंताजनक मोड़ दे दिया है।

वर्तमान समय में सुरक्षा विशेषज्ञ यह चेतावनी दे रहे हैं कि हमारे दूरभाष या चित्र-यंत्र से ली गई एक सामान्य सी तस्वीर से भी किसी व्यक्ति की उंगलियों के निशान चोरी किए जा सकते हैं और भविष्य में उनका अवांछित दुरुपयोग पूरी तरह संभव है। वर्तमान समय में अत्याधुनिक साधन किसी भी धुंधली तस्वीर को अत्यधिक स्पष्ट और सघन बनाने में सक्षम हैं। तस्वीरों की बारीक रेखाओं को साफ करना, उनके विस्तार को बढ़ाना और उनमें छिपे अत्यंत सूक्ष्म स्वरूपों को पहचानना अब इन प्रणालियों के लिए बहुत सरल हो चुका है। यही कारण है कि मानवीय उंगलियों के पोरों पर पाई जाने वाली अद्वितीय और अत्यंत बारीक रेखाएं भी अब इलेक्ट्रॉनिक विश्लेषण के माध्यम से आसानी से निकाली जा सकती हैं। अंतरजाल सुरक्षा विशेषज्ञ ली चांग ने अपने हालिया प्रदर्शनों में यह प्रमाणित करके दिखाया है कि उच्च गुणवत्ता वाली साधारण तस्वीरों से भी पूरी तरह उपयोग में लाए जा सकने वाले उंगलियों के निशान प्राप्त किए जा सकते हैं। इस सुरक्षा संकट से जुड़े वैज्ञानिक अध्ययनों और आंकड़ों पर दृष्टि डालें तो यह स्थिति और भी भयावह प्रतीत होती है। सुरक्षा विशेषज्ञों के विश्लेषण के अनुसार, यदि कोई तस्वीर लगभग 1.5 मीटर की दूरी से ली गई हो और उपकरण के चित्र-यंत्र की गुणवत्ता उत्तम स्तर की हो, तो उस चित्र से उंगलियों के निशान शत-प्रतिशत स्पष्टता के साथ प्राप्त किए जा सकते हैं। इसके अतिरिक्त, यदि तस्वीर 1.5 से 3 मीटर की दूरी से भी ली गई हो, तब भी आधुनिक एआई प्रणालियों की सहायता से उंगलियों के लगभग 50 प्रतिशत तक के रेखा-स्वरूप को सफलतापूर्वक निकाला जा सकता है। यद्यपि सामान्य जन के लिए यह एक साधारण सा आंकड़ा लग सकता है, परंतु अंतरजाल अपराध और पहचान की चोरी करने वाले अपराधियों के लिए इतनी आंशिक जानकारी भी अत्यंत विनाशकारी सिद्ध हो सकती है। जापान के वैज्ञानिकों और शोधकर्ताओं ने कई वर्ष पूर्व ही इस विषय पर गहन शोध करके दुनिया को सचेत किया था कि इस प्रकार की मुद्राओं वाली तस्वीरों से उंगलियों के निशानों को बहुत सुगमता से पढ़ा जा सकता है। अब जब एआई की शक्ति कई गुना बढ़ चुकी है, तब इस तकनीकी खतरे की गंभीरता पहले की तुलना में कहीं



अधिक व्यापक हो चुकी है। उंगलियों के निशानों के लीक होने का यह संकट किसी भी सामान्य कूटशब्द की चोरी से अत्यधिक गंभीर माना जाता है। यदि किसी उपयोगकर्ता का कोई कूटशब्द या गोपनीय संख्या चोरी हो जाती है, तो वह तत्काल उसे बदलकर एक नया और सुदृढ़ कूटशब्द निर्मित कर सकता है। इसके विपरीत, मनुष्य की उंगलियों के निशान उसके संपूर्ण जीवनकाल में अपरिवर्तनीय रहते हैं। कोई भी व्यक्ति अपनी उंगलियों के प्राकृतिक निशानों को बदल नहीं सकता है। यही मुख्य कारण है कि इस प्रकार के जैव-पहचान संबंधी आंकड़ों का दुरुपयोग किसी भी व्यक्ति के लिए दीर्घकालिक समस्या उत्पन्न कर सकता है। एक बार यदि किसी अपराधी समूह या अवांछित प्रणाली के पास किसी नागरिक की उंगलियों के निशानों का सटीक रेखा-स्वरूप पहुंच जाता है, तो वह अपराधी भविष्य में कई वर्षों तक उस व्यक्ति के नाम पर विभिन्न प्रकार के वित्तीय अपराध करने का प्रयास कर सकता है। आज संपूर्ण विश्व में आधुनिक दूरभाष, संगणक, बैंकिंग सेवाएं, सरकारी प्रणालियां और उच्च सुरक्षा वाले संस्थान उंगलियों के निशानों पर आधारित पहचान प्रणाली पर पूरी तरह निर्भर हो चुके हैं। अधिकांश कार्यालयों में कर्मचारियों की उपस्थिति दर्ज करने के लिए इन जैव-पहचान उपकरणों का ही उपयोग किया जाता है। इसके साथ ही हवाई अड्डों, सीमा सुरक्षा चौकियों और अन्य संवेदनशील राष्ट्रीय संस्थानों में भी पहचान की पुष्टि के लिए उंगलियों के निशानों का उपयोग निरंतर बढ़ रहा है। ऐसी संवेदनशील व्यवस्था में यदि किसी निर्दोष नागरिक की जैव-पहचान संबंधी गोपनीय जानकारी गलत हाथों में चली जाती है, तो उसके परिणामस्वरूप पहचान की चोरी, गंभीर बैंकिंग धोखाधड़ी, बैंक खातों से धन की अवैध निकासी और प्रतिबंधित क्षेत्रों में अनधिकृत प्रवेश जैसी अत्यंत विकट समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। एआई पर आधारित इस तकनीक के क्षेत्र में हो रहे नित नए शोधों से कुछ और चौंकाने वाले तथ्य भी सामने आए हैं। वैज्ञानिक अध्ययनों में यह देखा गया है कि मशीन पर आधारित आधुनिक कलन विधियां अब ऐसे कृत्रिम अथवा नकली उंगलियों के निशान भी तैयार कर सकती हैं जो विभिन्न सुरक्षा उपकरणों को भ्रमित करने में सक्षम हैं। वैज्ञानिकों ने प्रयोगशालाओं में ऐसे कृत्रिम और एआई जनित निशानों को विकसित करने में सफलता पाई है जिन्हें कुछ संवेदनशील सुरक्षा प्रणालियों ने वास्तविक मानकर स्वीकार कर लिया। यह उभरती हुई स्थिति स्पष्ट संकेत देती है कि आने वाले समय में अंतरजाल सुरक्षा की चुनौतियां मानवीय कल्पना से भी अधिक जटिल और बहुआयामी होने वाली हैं। हालांकि, इस विषय के दूसरे पहलू को स्पष्ट करते हुए विशेषज्ञों का यह भी कहना है कि सामाजिक माध्यमों पर डाली गई प्रत्येक तस्वीर से तत्काल कोई बैंक खाता अवरुद्ध नहीं हो जाता और न ही हर सामान्य चित्र इतना बड़ा संकट उत्पन्न करता है। अंतरजाल अपराधी सदैव हमारी असावधानी और सुरक्षा तंत्र की कमजोरियों की ताक में रहते हैं, इसलिए इस आभासी संसार में निरंतर सतर्कता ही हमारी सबसे बड़ी रक्षा कवच है। अंततः, यह तकनीक का युग है जो मानव जीवन को सुगम बनाने के साथ-साथ नई चुनौतियां भी दे रहा है। आज एक साधारण सा स्व-चित्र केवल एक सुंदर दृश्य नहीं है, बल्कि वह हमारी अत्यंत निजी जानकारी का स्रोत भी बन सकता है। इसलिए आवश्यकता इस बात की है कि हम तकनीक के लाभों का सहर्ष उपयोग करें, किंतु उसके छिपे हुए खतरों के प्रति भी समान रूप से सजग रहें। थोड़ी सी सतर्कता हमें भविष्य के किसी बड़े नुकसान से बचा सकती है।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।


# ज्ञान, भक्ति व कर्म की पूर्णता श्रीराम



संकलित
**दर्शन**

उपदेश जब ग्रंथ से दिया जाएगा तो लिखने के काम आएगा, जब पढ़कर दिया जाएगा तो सुनने के काम आएगा। उपदेश जब जीवन में चरितार्थ हो जाएगा, तब स्वाभाविक रूप से ग्राह्य और अनुकरणीय हो जाएगा। श्रीरामचरितमानस में लीला और चरित्र दोनों चरितार्थ हैं, जिसमें उपदेश दिया नहीं गया, चरितार्थ करके दिखाया गया है। चरितार्थ भी ऐसे हुआ है कि जिसमें चमत्कार और अप्रासंगिकता नहीं है। भगवान राम ने अपना कोई मूल्यांकन नहीं किया, पर दूसरे के हर कार्य की प्रशंसा की, उन्हें उत्साहित किया। ज्ञान की समझ, भक्ति-भावना और कर्म की शैली में यदि व्यावहारिकता नहीं है, तब साधक के जीवन में ज्ञान, भक्ति और कर्म की त्रिपुटी केवल प्रदर्शन योग्य ही रह जाएगी। उसका शुद्ध प्रयोजन सिद्ध नहीं होगा। इस सर्वांगीण पूर्णता के साथ पृथ्वी पर मात्र भगवान राम ही अवतरित हुए, जिनका मानवोचित गुणों का निर्वहन करते हुए भी स्वयं का सत, चित, और आनंद स्वरूप अपने शुद्ध स्वरूप में बना रहा। ज्ञान की व्यावहारिकता है कि किसी से कुछ इच्छा न रखे और सब में एक ही ब्रह्म का साक्षात्कार करे। भक्ति की व्यावहारिकता है कि संसार के सारे संबंधों का आधार भगवान को माने। सहज संतोषी स्वभाव हो। मन में कुटिलता न हो। कर्म की व्यावहारिकता यह है कि व्यक्ति स्वयं को सेवक माने। संसार के लोगों के शुभ और सत्कर्मों की प्रशंसा अवश्य करे। भगवान श्रीराम ने स्वयं में कोई गुण नहीं देखा, अपितु दूसरे के अवगुणों में भी गुण पक्ष को ग्रहण कर उसका उपयोग लोकहित में किया।

# ज्ञान पाना चाहते हैं तो अहंकार छोड़ दें



संकलित
**प्रेरणा**

गौतम बुद्ध यात्रा करते रहते थे और बीच-बीच में जहां ठहरते थे, वहां अपने शिष्यों को और अन्य लोगों को उपदेश दिया करते थे। बुद्ध के साथ उनका एक शिष्य हमेशा रहता था। उसका नाम था आनंद। एक दिन बुद्ध प्रवचन दे रहे थे और उस समय आनंद ने पूछा कि तथागत, आप जब प्रवचन देते समय ऊंची जगह पर बैठते हैं और सुनने वाले नीचे बैठते हैं, ऐसा क्यों है? बुद्ध ने आनंद की बातें ध्यान से सुनीं और कहा कि आनंद पहले तुम ये बताओ कि क्या तुमने कभी किसी झरने से पानी पिया है? आनंद बोला कि हां, मैंने झरने से पानी पिया है। इसके बाद बुद्ध ने फिर पूछा कि तुमने पानी कैसे पिया? आनंद ने बुद्ध को बताया कि झरना ऊपर से बह रहा था और मैंने झरने के नीचे खड़े होकर पानी पिया था। बुद्ध ने आनंद से कहा कि बस यही तुम्हारी बात का जवाब है। अगर हम झरने से पानी पीना चाहते हैं तो हमें उस झरने के नीचे ही खड़े रहना पड़ेगा। ठीक इसी तरह प्रवचन भी एक झरने की तरह है। जहां ज्ञान का झरना बहाने वाला ऊंची जगह पर बैठते हैं और जो लोग ज्ञान के झरने का पान करना चाहते हैं, वे नीचे बैठते हैं। दरअसल, ज्ञान पाने का सबसे पहला नियम ये है कि हमें अहंकार छोड़ना पड़ेगा। नीचे बैठने से हमारे स्वभाव में जो विनम्रता आती है, अहंकार दूर होता है। इसके बाद ही हम किसी की ज्ञान की बातें ठीक से समझ पाते हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### तिलहन उत्पादन बढ़ाने की जरूरत

प्रधानमंत्री ने भारतवासियों को खाने वाले तेल की मात्रा खाने में कम करने की अपील की है, क्योंकि इसका ज्यादा प्रयोग हमारे देश के धन को दूसरे देशों में भेजने में मदद करता है, हमारे देश में लगभग 60 प्रतिशत के करीब खाद्य तेल विदेशों से आता है, इनमें मुख्यतः ब्राजील, इंडोनेशिया आदि देश हैं। इसलिए सरकार ने अब देश में तिलहन उत्पादन बढ़ाने के लिए विशेष योजनाओं को अमल में लाने पर काम शुरू कर दिया है। लेकिन सवाल तो यह है कि आज तक इसके बारे मे क्यों गंभीरता नहीं दिखाई गई? यह तभी कामयाब होगा जब कृषि विभाग, किसान इसे कामयाब करने के लिए गंभीरता दिखाएंगे, तो देश में किसी भी खाने वाले तेल के दाम आसमान न छू पाएं और इनका ज्यादा से ज्यादा निर्यात करें, जिससे भारत की आर्थिक स्थिति पर भी सकारात्मक असर पड़े और किसानों की आय भी बढ़े। **-संतोष पटेल, धमतरी**

## ट्रेंड

### जन्मदिन की बधाई



एच.डी. देवेगौड़ा को उनके जन्मदिन पर हार्दिक शुभकामनाएं। उन्होंने अपने लंबे सार्वजनिक जीवन में राष्ट्र के लिए उत्कृष्ट योगदान दिया है। वह नीतिगत मुद्दों की गहरी समझ और वंचितों की सेवा के प्रति अपने समर्पण के लिए जाने जाते हैं। हम उनके दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना करते हैं। **-नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री

### तय जगह पर पढ़ें नमाज



नमाज पढ़नी है तो तय जगह पर पढ़िए। संख्या ज्यादा है तो शिफ्ट में पढ़ लीजिए। हम नमाज नहीं रोकेंगे, लेकिन सड़क पर अराजकता नहीं होने देंगे। सड़कें नमाज पढ़ने या किसी तरह की भीड़ जुटाने के लिए नहीं हैं।
**-योगी आदित्यनाथ,** सीएम, यूपी

### सहकर्मियों का पुनर्मिलन



जब नेतागण केरल पहुंचे तो ऐसा लगा जैसे "दोस्तों और सहकर्मियों का पुनर्मिलन" हो रहा हो। माहौल में आशा, ऊर्जा और उत्साह स्पष्ट रूप से व्याप्त है। यही ऊर्जा तब और भी प्रबल होगी जब हम सब मिलकर अपने सबसे बड़े साझा लक्ष्य की ओर काम करेंगे।
**-ए. रेवंत रेड्डी,** सीएम, तेलंगाना

### गुंडागर्दी बर्दाश्त नहीं



मैं स्पष्ट संदेश दे रहा हूं कि इस तरह की अशांति, गुंडागर्दी और राष्ट्रविरोधी, समाजविरोधी गतिविधियों को बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हम ऐसी चीजों को जारी नहीं रहने देंगे।
**-शुभेंदु अधिकारी,** सीएम, पश्चिम बंगाल

## करंट अफेयर

# ईरानी नोबेल पुरस्कार विजेता नरगिस की अस्पताल से छुट्टी



ईरान की नोबेल शांति पुरस्कार विजेता नरगिस मोहम्मदी को दो सप्ताह से अधिक समय तक अस्पताल में भर्ती रहने के बाद सोमवार को तेहरान के एक अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। उनके समर्थकों ने यह जानकारी दी। मोहम्मदी (54) को घर पर ही रहने और आगे की देखभाल और दैनिक फिजियोथेरेपी कराने की सलाह दी गयी है। मोहम्मदी के बेहोश हो जाने के बाद एक मई को उन्हें आपातकालीन स्थिति में जेल से उत्तर पश्चिमी ईरान के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। लगभग 10 दिन बाद उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया गया और तेहरान के अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया, जहां विशेषज्ञों ने उनकी जांच की। उन्हें 2023 में जेल में रहते हुए नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। मोहम्मदी को अपने करियर में कई बार जेल जाना पड़ा है। उनकी नवीनतम कैद दिसंबर में शुरू हुई जब उन्हें उत्तरपूर्वी ईरानी शहर मशहद में गिरफ्तार किया गया था। उनके परिवार ने कहा है कि जेल में उसकी सेहत बिगड़ रही थी, जिसका एक कारण यह था कि गिरफ्तारी के दौरान उसकी जमकर पिटाई की गई थी। उन्हें मार्च में दिल का दौरा पड़ा था और जेल जाने से पहले से ही उनके फेफड़े में खून का थक्का जमा हुआ था, जिसके प्रबंधन के लिए रक्त पतला करने वाली दवाओं और निगरानी की आवश्यकता होती है।

## ऑफ बीट

# मनुष्यों के लिए खतरनाक हो सकती है भीषण गर्मी



गर्मी हर साल हजारों लोगों को चुपचाप निगल रही है और यह दिन–ब–दिन बदतर होती जा रही है। उत्तरी गोलार्द्ध में अत्यधिक गर्मी को लेकर मीडिया की रिपोर्टिंग स्पष्ट है : रिकॉर्ड तोड़ गर्मी ने मानव अस्तित्व को खतरे में डाल दिया है। एक अनुमान है कि 'ब्रिटेन तीन दशकों में अत्यधिक गर्म हो सकता है' जो निश्चित तौर पर 97 प्रतिशत मानवता के लिए चिंता का विषय है जो ब्रिटेन के मुकाबले अधिक गर्मी वाले स्थानों पर रहते हैं। अच्छी खबर यह है : ब्रिटेन के लोगों को 2050 तक स्वीडन नहीं जाना पड़ेगा। बुरी खबर है : पहले ही जानलेवा गर्मी है जो बदतर होती जा रही है और जल्द ही एक बहुत बड़ी समस्या बन सकती है। गर्मी चुपचाप लोगों की जान ले रही है और यह अन्य किसी प्राकृतिक आपदा के मुकाबले अधिक संख्या में मौतों के लिए जिम्मेदार है। हाल के दशकों में यूरोप में भीषण गर्मी ने हजारों लोगों की जान ली है। विकासशील देशों में मृतकों की संख्या की उचित तरीके से गिनती नहीं की गयी है और संभवत: मृतकों की संख्या कहीं अधिक है। लेकिन कुछ इससे भी बुरा होने वाला है और हमें इसके लिए तैयार रहने की आवश्यकता है। अब पृथ्वी पर औसत सतह तापमान सर्वोच्च स्तर पर है। हाल में पड़ी भीषण गर्मी वैश्विक ताप वृद्धि के निशान छोड़ती है जो बाढ़ या सूखे जैसे जलवायु परिवर्तन के किसी भी असर से कहीं ज्यादा है।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771–42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# वियतनाम की धरती से गरजे राजनाथ
# पाकिस्तान को चेतावनी, नापाक हरकत की तो मिलेगा करारा जवाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अपनी दो देशों की विदेश यात्रा के पहले पड़ाव के रूप में सोमवार को वियतनाम पहुंचते ही सबसे पहले भारतीय समुदाय को संबोधित किया। जिसमें उन्होंने दक्षिण चीन सागर में चीन की दादागिरी का सामना कर रहे वियतनाम की जमीन से बिना किसी लाग लपेट के सीधे पाकिस्तान को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर अब उसने भारत के साथ किसी तरह की कोई छेड़छाड़ करने की कोशिश की, तो उसे उसका तुरंत मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। पहले भी हम ऐसा ही करते रहे हैं। उन्होंने प्रवासी भारतीयों को बतौर रक्षा मंत्री के रूप में आश्वासन देते हुए कहा कि आज का भारत कमजोर नहीं बल्कि एक मजबूत भारत है। वैश्विक मंच पर जब कभी भारत बोलता है, तो पूरी दुनिया उसकी बात को कान खोलकर सुनती है। जिसका पूरा श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जाता है। इसलिए वियतनाम में रहने वाले भारतीय पूरी तरह से चिंतामुक्त रहें। बीते वक्त में हमारे पड़ोसी दुश्मन देश ने परोक्ष रूप से आतंकवाद का सहारा लेकर देश को कमजोर और अस्थिर करने की कोशिश की है। लेकिन हमारे पास उसकी हर हिमाकत का करारा जवाब देने की पूरी कुवत मौजूद है। आगे भी कोई गुस्ताखी की तो उसे माकूल जवाब दिया जाएगा।

**परमाणु हमले की धमकी बर्दाश्त नहीं** : रक्षा मंत्री ने कहा कि परमाणु हथियारों को पहले इस्तेमाल न करने की नीति भारत की रही है। आगे भी हम इस पर कायम रहेंगे। लेकिन हमारी यह प्रतिबद्धता किसी प्रकार परमाणु धमकी को कभी भी स्वीकार नहीं करेगी। राजनाथ सिंह का इशारा साफ तौर पर पाकिस्तान की तरफ था। जो आए दिन भारत के खिलाफ आतंकी हमला करने की साजिश रचने के साथ-साथ जवाबी कार्रवाई से बचने के लिए दोनों देशों के परमाणु शक्ति संपन्न होने का राग अलापता रहता है। उन्होंने कहा, भारत अब पहले वाला भारत इसलिए भी नहीं रहा।

## भारतीय समुदाय से बोले, निश्चिंत रहें क्योंकि आज का भारत कमजोर नहीं, मजबूत है

### छत्तीसगढ़, ओडिशा का विशेष जिक्र किया

रक्षा मंत्री ने कार्यक्रम में वियतनाम में रह रहे छत्तीसगढ़ और ओडिशा के कुछ लोगों की व्यक्तिगत उपस्थिति की पुष्टि करने के बाद कहा कि आपके गृह राज्यों में नक्सलवाद की बड़ी समस्या रही है। लेकिन अब आपको ये जानकार बेहद खुशी होगी कि यह समस्या अब पूरी तरह से समाप्त हो गई है। जो भी छिटपुट मसला रह गया है, उसे भी जल्द ही जड़ से उखाड़ फेंका जाएगा। उन्होंने भारतीयों को अपने देश आने, व्यापार और निवेश में योगदान करने के लिए आमंत्रित किया है।




### ऑपरेशन सिंदूर को किया याद

रक्षा मंत्री के मंच पर भाषण देने के लिए लगाए गए माइक वाले स्थान पर ऑपरेशन सिंदूर का एक पोस्टर लगाया गया था। जो भारत के इस सैन्य अभियान की सफलता की पहली वर्षगांठ को प्रदर्शित कर रहा था। रक्षा मंत्री ने इसका जिक्र करते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सभी ने भारतीय सशस्त्र सेनाओं के पराक्रम और वीरता का अद्भुत नजारा देखा है। इसके लिए हमें किसी को प्रमाण देने की कोई आवश्यकता नहीं है। क्योंकि अभियान से संबंधित तस्वीरें सार्वजनिक हो चुकी हैं और उन्होंने सीमापार दुश्मन को हुए नुकसान की कहानी बयां कर दी है। इस अभियान के दौरान हमारी सेनाओं के पराक्रम की जितनी प्रशंसा की जाए। वह कम है।

## मॉडल व एक्ट्रेस ट्विशा शर्मा की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत पर भोपाल से लेकर नोएड़ा तक हंगामा

# पति समर्थ की गिरफ्तारी पर 10 हजार का इनाम, उसके विदेश भागने का शक

इस केस में समर्थ की गिरफ्तारी के बाद ही पूरा दृश्य साफ हो सकेगा। वही उसे फंदे से उतारकर एम्स ले गया था। सवाल है कि यदि वह आरोपी नहीं है तो फरार क्यों है?



पत्रकारों के समक्ष आरोपी पक्ष की सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कटारा हिल्स स्थित बागमुगलिया एक्सटेंशन में 12 मई की रात संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मॉडस, एक्ट्रेस व एमबीए पढ़ी ट्विशा की मौत के मामले में सोमवार को दशम अपर सत्र न्यायाधीश पल्लवी द्विवेदी ने पति समर्थ शर्मा की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी। दरअसल, ट्विशा के वकील ने जमानत पर आपत्ति जताई थी। साथ ही सामाजिक संगठन भी सामने आया और खुद को न्याय मित्र बताते हुए समर्थ की जमानत पर आपत्ति जताई थी। हालांकि, कोर्ट ने सामाजिक संगठन की आपत्ति अस्वीकार कर दी। कोर्ट ने अपराध की प्रकृति, शादी के बाद मृतका की मृत्यु की समयावधि और अपूर्ण विवेचना के मद्देनजर आरोपी की जमानत खारिज की। इधर, एसआईटी पूरे प्रकरण की जांच कर रही है।



ट्विशा (मृतक)

पति समर्थ की जमानत याचिका खारिज, पुलिस ने समर्थ का पासपोर्ट जब्त करने दिया आवेदन, तलाश के लिए पुलिस की 6 टीमें लगाई गईं

सीसीटीवी फुटेज सामने आए



12 मई शाम 7:20 बजे ट्विशा सीढ़ियों से गई, 8:19 पर अचेत अवस्था में लाया गया

*आरोपी पक्ष बोला- ट्विशा ड्रग लेने के कारण डिप्रेशन में थी उसका इलाज चल रहा था*

*पीड़ित पक्ष ने कहा- ड्रग का आरोप झूठा, पति समर्थ ड्रग लेता था, ट्विशा नहीं*

### आरोपी पक्ष बोला: सीबीआई जांच के लिए हम भी तैयार

सोमवार शाम आरोपी पक्ष के वकील इनोस जॉर्ज कार्लो के एमपी नगर स्थित कार्यालय में कार्लो ने पत्रकारों से चर्चा की। इस दौरान रिटायर्ड जज गिरीबाला सिंह भी मौजूद रही। उन्होंने कहा कि हम पर तमाम तरह के झूठे आरोप प्रत्यारोप लगाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पूरे प्रकरण की सीबीआई जांच होनी जाहिए। गिरीबाला सिंह ने कहा कि ट्विशा को मैं अपनी बेटी और बहू की तरह रखती थी।

### ट्विशा के परिजनों की मांग- नई दिल्ली के एम्स में दोबारा पीएम हो

ट्विशा के परिजनों ने मामले की निष्पक्ष जांच नहीं होने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि आरोपी पक्ष हाई-प्रोफाइल है, इसलिए उन्हें न्याय की उम्मीद कम होती जा रही है।

### ट्विशा की ये चैट आई सामने

- मैं घर पर बैठी हूं, इसलिए बहुत ज्यादा एंग्जायटी में हूं। मैं अपनी जिंदगी में कुछ करना चाहती हूं।
- इन सबको लगता है कि मैं ड्रग्स लेती हूं, इसलिए मेरा मूड खराब रहता है। एक बार भी इनके दिल में यह नहीं आता कि इनका बेटा मुझे छोड़कर बैठा है।

## पालघर में भीषण सड़क हादसा
# बारातियों से भरे टैम्पो और कंटेनर में टक्कर, 8 की मौत

एजेंसी ▶▶ पालघर

महाराष्ट्र के पालघर में एक बेहद दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है। यहाँ मुंबई-अहमदाबाद राष्ट्रीय महामार्ग पर बारातियों से भरा एक टाटा टैम्पो और कंटेनर आपस में टकरा गए। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मौके पर ही चीख-पुकार मच गई। इस दिल दहला देने वाले हादसे में 8 लोगों की मौत हो गई है, जिनमें तीन महिलाएं शामिल हैं। वहीं दर्जनों लोग गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं। हालांकि, प्रशासन की तरफ से अभी मृतकों की संख्या की आधिकारिक पुष्टि होना बाकी है। यह पूरी घटना पालघर के धानीवरी इलाके की है।

### आमने-सामने की भीषण टक्कर

खबरों के मुताबिक, बारातियों से भरे इस ट्रक में 100 से ज्यादा लोग सवार थे। तभी अचानक सामने से आ रहे कंटेनर और ट्रक के बीच आमने-सामने की भीषण टक्कर हो गई। हादसे के बाद मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई और अफरा-तफरी का माहौल बन गया। इस एक्सीडेंट में करीब 20 से 25 लोग गंभीर रूप से जख्मी हुए हैं। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और स्थानीय प्रशासन की टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं। स्थानीय लोगों की मदद से राहत और बचाव का काम शुरू किया गया। सभी घायलों को तुरंत पास के कासा उपजिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहाँ डॉक्टरों की देखरेख में उनका इलाज चल रहा है। अस्पताल में भर्ती कई घायलों की हालत बेहद नाजुक बनी हुई है, जिससे मृतकों का आंकड़ा और बढ़ने की आशंका जताई जा रही है।




**GOVERNMENT OF MAHARASHTRA**
**WORLD BANK PROJECT DIVISION, AKOT**

**E-TENDER NOTICE No. 01/2026-2027**

**No. 530/TC/ETN-01/2026 / Date 05.05.2026.**

**:: Online E-Tenders ::**

Online Tender are Invited by Executive Engineer, World Bank Project Division, Akot e-mail-wbakot.ee a **mahapwd.gov.in** for following works for B-1 Works Sr. No. 10 to 16 from Competent Contractors (Register With P.W.D.) Government of Maharashtra Public Work Department in appropriate class & B-1 Works Sr. No. 1 to 9 From Competent and Interested Contractors (Not Neccessary Registered With P.W.D.). If Global Company having its Branch/ Sub Company in India. They Can Participate in Tender. E-Tender can be downloaded from the **http://mahatenders.gov.in**. Other instruction can be seen in the e-tender form. Competant Authority Reserve the Right to Reject All or any one of the Tender. Conditional tender will be not be accpted.

| Sr. No | Name of work | Estimated Cost | Category |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | Widening and Soil Stablization and Improvement to Ukali Bazar Ner Nandkhed Kinkhed Road SH 278 KM 33/500 to 37/200 KM 42/700 to 45/00, KM 48/00 to 50/00 and 55/070 to 56/600 Tq. Telhara District Akola | 66252504 | Open |
| 2 | Improvement to Patsul Railway Station Warud Jaulka Rohankhed road MDR 31 km 0/00 to 11/950 Tq. Akot District Akola | 59668730 | Open |
| 3 | Improvement With Widening to Bordi Kasod Shivpur Shahapur Umra Lohari Roundala Road MDR 36 km 15/00 to 19/500 Tq. Akot District Akola | 33455239 | Open |
| 4 | Widening and Improvement to Akot lohari Road MDR 32 KM 7/00 to 8/500 and 21/00 to 23/00 Tq. Telhara District Akola | 32760863 | Open |
| 5 | Widening and Improvement to Mankari Januna Akoli Jh. Diwthana Chandikapur Deulgaon Manchanpur to SH 47 Road MDR 35 KM 17/00 to 20/00 Tq. Akot District Akola | 25304791 | Open |
| 6 | Widenig and Improvement to Hingni Jaulkhed Bk. Dharel Chohotta Nandkhed Road MDR 07 km 14/300 to 16/600 Tq. Akot District Akola. | 24809407 | Open |
| 7 | Widenig and Improvement to Hingni Jaulkhed Bk. Dharel Chohotta Nandkhed Road MDR 07 km 0/00 to 2/00 Tq. Akot District Akola. | 24389058 | Open |
| 8 | Improvement to Saundala Danapur Malegaon Road MDR 01 KM 0/000 to 2/000 Tq. Telhara District Akola | 20919158 | Open |
| 9 | Widening and Improvement to Akot lohari Road MDR 32 KM 5/500 to 7/00 Tq. Akot District Akola | 16880495 | Open |
| 10 | Improvement With Widening to Bordi Kasod Shivpur Shahapur Umra Lohari Roundala Road MDR 36 km 19/500 to 21/00 Tq. Akot District Akola | 12363778 | Open |
| 11 | Construction of Minor Bridge on Kalwadi Warur Jaualka Kawasa Rel Dharel Road MDR 05 On KM 19/690 and 20/800 Tq. Akot District Akola | 12404342 | Open |
| 12 | Construction of Lawyers Hall (Ground + 1 Floor) at Telhara District Akola | 11618412 | Open |
| 13 | Construction of Cement Concrete Road with Drain in Minority Area Ward No.5 At Mouje Kutasa Tq. Akot District Akola | 1687663 | MKSS |
| 14 | Construction of Cement Concrete Road with Drain in Minority Area Ward No.2 At Mouje Rel Tq. Akot District Akola | 1687429 | MKSS |
| 15 | Construction of Cement Concrete Road with Drain in Minority Area Ward No.1 At Mouje Kavtha Tq. Akot District Akola | 1677190 | MKSS |
| 16 | Construction of Cement Concrete Road with Drain in Minority Area Ward No.1 At Mouje Adgaon Tq. Telhara District Akola | 1621646 | MKSS |

**Note :- 1.** All eligible/interested tenderer are required to be enrolled on portal **https://mahatenders.gov.in** **2.** Work No. I to 16 Tender download & prepration of Bid from Dt. **18.05.2026** at 10.00 Hrs to To Dt. **26.05.2026** at 18.00 Hrs Download. Work No. 1 to 16 Technical Envlope Opening Date **28.05.2026** (Futher tender timetable as on Online) **3.** Pre- Tender Conference will be held on Dt. 20.05.2026 at 12.00 Hrs in the office of the Chief Engineer, P.W. Region, Amravati of work No. 1 to 5, **4.** Pre-Tender Conference will be held on Dt. **20.05.2026** at 12.00 Hrs in the office of the Superintending Engineer, P.W. Circle, Akola of work No. 6 to 9, **5.** please note the further changes regarding above work will not be published through corrigendum by press notic the changes will be available only on electronic tendering system of Govt. of Maharashtra which is available on the portal **https://mahatenders.gov.in** & Notice, **6.** All detail information is available on following websites & Office Information Board. Visit web site for details:
1. **http://mahapwd.com** 2.**http://mahatenders.gov.in**

**Information also avalible on:- Office of the Executive Engineer World Bank Project Division, Akot Office Information Board.**

**7.** Other instructions can be seen in the tender form. All or any one of the tender may be rejected by the competent authority., **8.** Online Schedule in Applicable and Final, **9.** Note that the Bidder has no objection regarding Condition & Specification mentioned in Tender while bidding. No obejection are entertained after submision of bidding completed.

**Pravin Sarnayak**
**Executive Engineer**
**आरओसी 2026-27/ क्र.-5/ C-834 World Bank Project Division, Akot**


## मची अफरा-तफरी, सुरक्षित बचे चारों क्रू मेंबर्स
# एयर शो के दौरान आपस में टकराए दो एफ-18 लड़ाकू विमान, क्रैश होते ही बन गए आग का गोला



एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका में एयर शो के दौरान हुए बड़े हादसे ने सैन्य विमानों की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। प्रदर्शन के बीच दो लड़ाकू विमान आपस में टकरा गए, हालांकि सभी क्रू मेंबर सुरक्षित बच निकले। हादसे के बाद पूरे कार्यक्रम को रद्द कर जांच शुरू कर दी गई है। अमेरिका के माउंटेन होम एयरफोर्स बेस में आयोजित एयर शो के दौरान बड़ा हादसा हो गया, जब दो अमेरिकी ईए-18जी ग्राउलर लड़ाकू विमान हवा में आपस में टकरा गए। हादसे के बाद एयरबेस को तत्काल लॉकडाउन कर दिया गया और पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। अमेरिका के माउंटेन होम एयरफोर्स बेस में आयोजित एयर शो के दौरान बड़ा हादसा हो गया, जब दो अमेरिकी ईए-18जी ग्राउलर लड़ाकू विमान हवा में आपस में टकरा गए। हादसे के बाद एयरबेस को तत्काल लॉकडाउन कर दिया गया और पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। बीच आसमान में हुई इस भीषण टक्कर के बाद विमानों के परखच्चे उड़ गए। मीडिया को मिली जानकारी के अनुसार, यह घटना दोपहर करीब 12:30 बजे स्थानीय समय की है, जिसके तुरंत बाद घटना स्थल से काले धुएं का गुबार उठता देखा गया। इस हादसे का शिकार हुए विमान अमेरिकी नौसेना/वायुसेना द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले दो ईए-18जी ग्राउलर फाइटर जेट्स थे, जो एफ-18 हॉरनेट का ही एक उन्नत इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर वेरिएंट हैं।

## किसी अफवाह में न पड़ें, पेट्रोल-डीजल और एलपीजी का है पर्याप्त भंडार : केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

- पश्चिम एशिया संकट के बीच दिया आश्वासन

पश्चिम एशिया में जारी तनाव और आयात प्रभावित होने की आशंकाओं के बीच केंद्र सरकार ने कहा है कि देश में पेट्रोलियम उत्पादों और उर्वरकों की कोई कमी नहीं है तथा सभी रिफाइनरियां सामान्य रूप से काम कर रही हैं। सरकार ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और घबराहट में खरीदारी से बचने की अपील की है। नई दिल्ली में पश्चिम एशिया के हालात पर आयोजित अंतर-मंत्रालयी ब्रीफिंग में की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि भारत के पास कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार मौजूद है। उन्होंने बताया कि देश में पेट्रोल, डीजल, एलपीजी और प्राकृतिक गैस की पर्याप्त उपलब्धता है और किसी भी एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटरशिप में सप्लाई बाधित होने की सूचना नहीं मिली है। हालांकि, कुछ क्षेत्रों में अफवाहों के कारण घबराहट में खरीदारी देखी गई है।

## यूएई के बराकाह परमाणु ऊर्जा संयंत्र पर हुए हमले को भारत ने बताया अस्वीकार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

- पक्षों से की संयम के साथ बातचीत-कूटनीति के रास्ते पर लौटने की अपील

पश्चिम-एशिया संकट के बीच संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के बराकाह परमाणु ऊर्जा संयंत्र पर हुए हमले को लेकर भारत ने गंभीर रूप से चिंता जताते हुए ऐसी घटनाओं को पूरी तरह से अस्वीकार्य बताया है। विदेश मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान जारी कर मामले पर देश का रुख स्पष्ट करते हुए कहा कि यूएई की बराकाह परमाणु सुविधा को निशाना बनाए जाने जैसी घटनाओं को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। भारत इस हमले को लेकर बेहद चिंतित है। क्योंकि ऐसी घटनाएं सिर्फ और सिर्फ तनाव को और अधिक बढ़ाने वाली हैं। हम सभी पक्षों से संयम बरतते हुए तत्काल बातचीत और कूटनीति के रास्ते पर लौटने की अपील करते हैं।

### ब्रिक्स न्याय मंत्रियों की बैठक आज से, भारत करेगा अध्यक्षता

नई दिल्ली। ब्रिक्स देशों के वरिष्ठ अधिकारियों और न्याय मंत्रियों की महत्वपूर्ण बैठक आज 19 मई से 22 मई तक गुजरात के गांधीनगर में आयोजित होगी। भारत ब्रिक्स की अध्यक्षता के तहत इस बैठक की मेजबानी कर रहा है। विधि एवं न्याय मंत्रालय के विधि मामलों के विभाग द्वारा आयोजित यह चार दिवसीय बैठक कानूनी सुधारों, विवादों के त्वरित निपटारे और वैकल्पिक विवाद समाधान (को मजबूत करने पर केंद्रित रहेगी। बैठक के अंत में ब्रिक्स न्याय मंत्रियों द्वारा संयुक्त वक्तव्य अपनाया जाएगा, जिसमें मध्यस्थता और एडीआर को मजबूत करने के लिए ठोस प्रतिबद्धताएं शामिल होंगी।


**कार्यालय नगर पंचायत खोंगापानी, जिला- मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (छ.ग.)**
दूरभाष क्र:- 07771-297613 ईमेल आई.डी.- cmokhongapani@rediffmail.com

क्रमांक /228/न.पं./2026-27 खोंगापानी, दिनांक 18/05/2026

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in में आमंत्रित की जाती है।

| सिस्टम टेण्डर क्र. | कार्य का विवरण | लागत (लाख) | निविदा दर प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 190597 | Revamping of Material Recovery Facility (MRF) including installation of Machinery and construction of Compost Plant in Municipal Areas of Khongapani, Chhattisgarh | 43.26 | 08.06.2026 5.00 PM |

विस्तृत जानकारी हेतु कार्यालयीन अवधि में न.पा. कार्यालय एवं वेबसाईट http://eproc.cgstate.gov.in से प्राप्त की जा सकती है।
मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगर पंचायत खोंगापानी, जिला-एम.सी.बी. (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम, (राजस्व) रायपुर (छ.ग.)**
**फोन नं.:- 2535780, 90, फैक्स :- 0771-2227395**
**Website - www.nagarnigamraipur.nic.in**

**// प्रेस विज्ञप्ति //**

**क्र. 1034 / रा.वि./ न.पा.नि./2026 रायपुर, दिनांक 18/05/2026**

नगर पालिक निगम रायपुर क्षेत्र अंतर्गत दिनांक 08.05.2026 को कुल 05 पार्किंग को 01 वर्ष की अवधि के लिए शुल्क वसूली हेतु ई-निविदा आमंत्रण जेम पोर्टल के माध्यम से किया गया था, जिसमें बिड क्र- GEM/2026/B/7517618 कलेक्टोरेट मल्टीलेवल पार्किंग को अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया जाता है तथा कलेक्टोरेट मल्टीलेवल पार्किंग आज दिनांक से निःशुल्क किया जाता है।

सूचनार्थ।

**अपर आयुक्त**
**नगर पालिक निगम,**
**रायपुर छ.ग.**

घरों से निकलने वाले गीला और सुखा, कचरे को सफाई (मित्र) वाहन को देवें।

**कार्यालय नगर पंचायत नई लेदरी, जिला-एम.सी.बी. (छ.ग.)**
Phone & Fax No. 07771247202 E-mail ID-nagarpanchayatnailedri13@gmail.com

क्र./42/न.पं./2026 नई लेदरी, दिनांक 18/5/2026

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्निलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| Name of work | Probable amount of contract (Rs. in Lakh) | Earnest money (Rs.in Thousand) | Time allowed for completion | Cost of Tender Document (in Rupees) | Validity of the Bid (From the last date of bid submission) | Class of the Contractor |
|---|---|---|---|---|---|---|
| Revamping of Material Recovery Facility (MRF) including installation of Machinery and con-struction of Compost Plant in Municipal Areas of NAI LEDRI, Chhattisgarh | Rs 27.22 Lakhs | Rs 13600 (Thirteen Thousand Six Hundred) | Construction Period -06 months (from the date of issuing of Work Order) including rainy season Trial run 03 months. | 10000.00 (Rupees Ten Thousand only) | 120 days | In Class D or above registered with Unified Registration System (Single Window) on GOCG PWD |

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञापति निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी ई-प्राक्योरमेंट वेब पोर्टल (https://cgeprocurement.gov.in) विभागीय वेबसाईट www.uad.cg.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है एवं कार्यालयीन अवधि में कार्यालय में आकर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

Chief Municipal Officer
Nagar Panchayat Nai Ledri, District-M.C.B (C.G)

**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय**
**लघु सिंचाई प्रमंडल, राँची**
कमरा नं० 302, तृतीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी चौक, राँची– 834001
ई–मेल – eemidran-cemr-jhr@nic.in, midranchi2018@gmail.com
फोन नं० – 0651–3512781

पत्रांक................../ राँची, दिनांक ........./........./2026

**शुद्धि–पत्र**

कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, राँची का पत्रांक–394 दिनांक–04.05.2026 द्वारा e-Tender Reference No. WRD/MID/ 03/BD/(SLI) 2026-27, PR 379042 (Minor Irrigation) 26-27(D) दिनांक 06.05.2026 को प्रकाशित निविदा में निम्न प्रकार संशोधन किया जाता है:–

| क्र0 | पूर्व में अंकित निविदा आमंत्रण सूचना संख्या | संशोधित निविदा आमंत्रण सूचना संख्या |
|---|---|---|
| 1 | WRD/MID/03/BD/(SLI) 2026-27 | WRD/MID/RANCHI/BD/SLI-03/2026-27 |

निविदा की शेष सभी शर्तें पूर्वतः बनी रहेगी।

विश्वासभाजन
कार्यपालक अभियन्ता,
लघु सिंचाई प्रमंडल, राँची

PR 380086 (Minor Irrigation)26-27*D

**Chhattisgarh State Industrial Development Corporation Limited**
**(A Government of Chhattisgarh Undertaking)**
**(ISO 9001: 2015 Certified)**
**1st Floor, Udyog Bhawan, Ring Road No.1, Telibandha, Raipur(C.G.)- 492006**
**CIN: U45203CT1981SG001853, PAN: AABCM6288N, GST Reg No. 22AABCM6288N5ZY**
**Phone: 0771-6621000 Fax: 0771-2583794**
**Website: www.csidc.in, Email address csidc.cg@nic.in,csidc_raipur@yahoo.com**

**NOTICE INVITING TENDER**
**(Through e-Procurement Portal Only)**

NIT No. 15/CSIDC/E.E./Division-I/2026-27/Raipur, Dated 15/05/2026

Chhattisgarh State Industrial Development Corporation Ltd., Raipur (CSIDC), a Government of Chhattisgarh Undertaking constituted under the Companies Act, engaged in Industrial Infrastructure Development & Other Related Activities in the State invites online tender for the following work :-

| S. No | Name of Work | Registered Contractor in CGPWD or in appropriate class in other dep't. | Probable Amount of Contract (PAC) (INR Crore) | Last Date for Submission of tender |
|---|---|---|---|---|
| A | Infrastructure development works i/c roads, drainage, culverts, water supply system, street light & Buildings for Proposed New Industrial area at Village- Bangaon (B), Tehsil- Patthalgaon, District- Jashpur (C.G. | Class-A & Above | 16.77 | 06/06/2026 |

The tender document containing detailed terms & conditions, scope of work and other details can be downloaded from the web portal (website) https://eproc.cgstate.gov.in from 15/05/2026 and Time 17:01 and shall be submitted online only. Amendment in tender, if any, will only be uploaded on the website and shall not be published in any newspaper.

**NOTE:-** The interested tenderers for online submission of tender may contact CG e-Proc Helpdesk. Operated by Mjunction Services Limited, they may reach Helpdesk using 18004199140 (therein press 2 for CG e-Proc) or you can email them at Helpdesk.eproc@cgswan.gov.in

**Executive Engineer**
**Division-I**

S-47845/2



# 78 साल के एक्टर अशोक ने कान फेस्टिवल में मचाई धूम

**मुंबई।** कान फिल्म फेस्टिवल में 78 साल के अभिनेता अशोक सराफ ने भी शिरकत भी की। वह अपनी पत्नी और एक्ट्रेस निवेदिता जोशी सराफ के साथ शामिल हुए। इस मौके पर उनके लुक और पहनावे ने सबका ध्यान अपनी तरफ खींचा है। अशोक सराफ जहां कान फिल्म फेस्टिवल में बंद गले का सफेद कोट पहने नजर आए। वहीं पत्नी निवेदिता ने महाराष्ट्रियन साड़ी पहनी थी, इस पर प्रकृति से प्रेरित चित्र बने थे। दोनों हाथ में हाथ डाले, कान फेस्टिवल के रेड कारपेट पर चले। सोशल मीडिया पर फैंस ने इनके लुक और अंदाज को खूब पसंद किया। अशोक सराफ के करियर फ्रंट की बात करें तो वह मराठी और हिंदी फिल्मों में उम्दा किरदार निभाने के लिए जाने जाते हैं। मराठी फिल्म जानकी से बतौर एक्टर उन्होंने शुरुआत की थी। इसके बाद वह बलाचे बाप ब्रह्मचारी, भूतचा भाऊ और धूम धड़ाका जैसी मराठी फिल्मों में नजर आए।

## लाइफ Style


# सारा

## एक बार धोखेबाज का टैग लग गया तो हटता नहीं

सारा अली खान अक्सर अपनी लव लाइफ को लेकर चर्चाओं में रहती है। अब सारा अली खान ने धोखा और धोखेबाज को लेकर बात की। सारा अली खान और आयुष्मान खुराना इन दिनों अपनी हालिया रिलीज फिल्म 'पति पत्नी और वो दो'को लेकर चर्चाओं में है। फिल्म को क्रिटिक्स और दर्शकों से मिली-जुली प्रतिक्रिया हासिल हुई है।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

फिल्म प्यार, शादी, शक और धोखे पर आधारित है। इस बीच सारा अली खान ने रिश्ते में चीट करने यानी धोखा देने को लेकर बात की। साथ ही उन्होंने 'वन्स अ चीटर ऑलवेज अ चीटर'वाली कहावत पर भी अपनी प्रतिक्रिया दी। हाल ही में एक बातचीत के दौरान जब सारा अली खान से 'वन्स अ चीटर ऑलवेज अ चीटर'वाली थ्योरी पर राय मांगी गई, तो एक्ट्रेस ने इससे सहमति जताई। सारा ने कहा, 'मैं मानती हूं कि एक बार धोखा देने वाला, हमेशा धोखेबाज होता है। क्योंकि, उसने धोखा दिया है। धोखेबाज की परिभाषा क्या है? अगर किसी ने धोखा दिया है, तो वह धोखेबाज है।' हालांकि, फिल्म के साथी कलाकारों आयुष्मान खुराना और रकुल प्रीत सिंह ने सारा के मत से सहमति नहीं जताई। आयुष्मान खुराना ने इस कहावत पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा, 'एक बार धोखा देने वाले से एक बार धोखा देने वाले बनने तक का सफर होता है। कोई भी जन्म से धोखा देने वाला नहीं होता।'वहीं ,रकुल प्रीत सिंह ने भी आयुष्मान से सहमति जताते हुए कहा कि जरूरी नहीं कि वह व्यक्ति दोबारा धोखा दे। हालांकि, सारा इससे सहमत नहीं थीं और उन्होंने कहा, 'आपको धोखेबाज का लेबल लग जाता है और इसे बदला नहीं जा सकता। अगर वह धोखेबाज है, तो संभावना है कि वह दोबारा धोखा देगा, लेकिन शायद नहीं भी दे।



## हॉलीवुड मसाला

# सिल्वेस्टर -जेनिफर ने मनाई शादी की सालगिरह



**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के मशहूर एक्टर सिल्वेस्टर स्टेलोन (रॉकी) और उनकी पत्नी जेनिफर फ्लेविन ने अपनी शादी के 29 साल पूरे कर लिए हैं। इस खास मौके पर सिल्वेस्टर ने सोशल मीडिया पर अपनी पत्नी के लिए एक बेहद प्यारा संदेश लिखा है। सिल्वेस्टर ने पत्नी जेनिफर के साथ अपनी एक खूबसूरत तस्वीर इंस्टाग्राम पर शेयर की। इस खास तस्वीर के साथ उन्होंने शादी की सालगिरह की बधाई देते हुए कैप्शन में लिखा, 'तुम मेरी जिंदगी को मतलब देती हो।' सिल्वेस्टर की इस पोस्ट को फैंस बहुत पसंद कर रहे हैं। लोगों ने कमेंट सेक्शन में इस जोड़ी को 'खूबसूरत और प्यारा जोड़ा' बताया। इसके साथ ही फैंस ने उन्हें शादी की सालगिरह की ढेर सारी शुभकामनाएं दी हैं।



# गर्लफ्रेंड एलिस के साथ तीसरे बच्चे का स्वागत करेंगे जेमी

**लॉस एंजिल्स।** जेमी फॉक्स जल्द ही तीसरी बार पिता बनने वाले हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, उनकी गर्लफ्रेंड एलिस हक्सटेप प्रेग्नेंट हैं और दोनों अपने पहले बच्चे का स्वागत करने की तैयारी कर रहे हैं। बता दें कि जेमी फॉक्स पहले से दो बेटियों के पिता हैं। उनकी बड़ी बेटी कोरिन फॉक्स एक्स पार्टनर कॉनी क्लाइन से हैं, जबकि दूसरी बेटी क्रिस्टिन ग्रैनिस से हैं। दिलचस्प बात यह है कि इसी साल जनवरी 2025 में खबरें आई थीं कि जेमी फॉक्स और एलिस हकस्टेप का ब्रेकअप हो गया है। उस वक्त एक सोर्स ने बताया था कि जेमी अपने काम में काफी बिजी हैं और उनकी जिंदगी में बहुत कुछ चल रहा है। हालांकि, बाद में दोनों फिर साथ नजर आए। उन्हें कई बार एक साथ स्पॉट किया गया, जिसमें मलिबू और मियामी की आउटिंग्स भी शामिल थीं।



# कान से सामने आया हुमा का दमदार लुक

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री हुमा कुरैशी ने हाल ही में कान फिल्म फेस्टिवल 2026 में शिरकत की है। उन्होंने सोशल मीडिया पर कान से अपना एक और दमदार लुक शेयर कर फैंस का दिल जीत लिया है। हुमा के फैंस उनकी इस लुक की जमकर तारीफ कर रहे हैं। हुमा कुरैशी का कान फिल्म फेस्टिवल से एक नया लुक सामने आया है। इस नए लुक में हुमा एक शानदार काले गाउन में बेहद ही खूबसूरती से पोज देती नजर आ रही हैं। रेड कार्पेट पर जाने से पहले हुमा का यह बेबाक और ग्लैमरस अंदाज उनके फैंस को बेहद पसंद आ रहा है। ब्लैक गाउन के साथ हुमा ने अपने इस लुक को स्टेटमेंट डायमंड ज्वेलरी के साथ स्टाइल किया है। कान से अपनी इन शानदार तस्वीरों को हुमा ने इंस्टग्राम पर शेयर किया है। इस लुक के साथ हुमा ने कैप्शन में लिखा, 'अगर आप कान में मिलें, तो मुझे पकड़ लीजिएगा।

# भूमि ने की दलाई लामा से मुलाकात

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री भूमि पेडनेकर ने हाल ही में दलाई लामा से मुलाकात की। मुलाकात के बाद उन्होंने सोशल मीडिया पर एक भावुक पोस्ट शेयर किया है। भूमि ने इस मुलाकात को बहुत खास और यादगार बताया। भूमि ने इंस्टाग्राम पर दलाई लामा से मुलाकात की कई तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों के साथ भूमि ने कैप्शन में लिखा, 'दलाई लामा के पास सब कुछ हल्का, शांत और अलौकिक लग रहा था।' जब वह वहां से निकलीं तो उनकी आंखों में आंसू थे। उन्होंने लिखा, 'यह एक ऐसा एहसास है, जिसे मैं शब्दों में बता नहीं सकती, सिर्फ महसूस कर सकती




हूं।' भूमि ने इस पोस्ट में कई तस्वीरें शेयर कीं। इनमें वह दलाई लामा के सामने सिर झुकाते हुए और भावुक होते हुए दिख रही हैं। कुछ तस्वीरों में मठ का शांत वातावरण भी दिख रहा है। भूमि ने लिखा, 'यह शांति, कृपा और करुणा का पल सचमुच सौभाग्य की बात है। मैं इस स्मृति को हमेशा अपने दिल में रखूंगी।' फिलहाल भूमि कथित तौर पर एक कोर्टरूम ड्रामा फिल्म पर काम कर रही हैं।

# अमिताभ ने दिखाया ईरान का 134 साल पुराना एकमात्र हिंदू विष्णु मंदिर

एजेंसी ▶▶| मुंबई

अमिताभ बच्चन ने ईरान के बंदर अब्बास शहर में बने 134 साल पुराने हिंदू विष्णु मंदिर का एक अनदेखा वीडियो शेयर किया है, जो बहुत ही प्यारा है। इस वीडियो को शेयर कर अमिताभ ने भारत और ईरान के बीच सदियों पुराने सांस्कृतिक रिश्तों की झलक और उसकी अहमियत दिखाने की कोशिश की है। अमिताभ बच्चन के इस पोस्ट ने लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। फेसबुक पर शेयर किए विष्णु भगवान के मंदिर के इस वीडियो को देख फैंस ने कहा कि यह अमिताभ बच्चन का साल का सबसे बेहतरीन पोस्ट है। विष्णु मंदिर का वीडियो शेयर कर अमिताभ बच्चन ने लिखा है, 'ईरान के बंदर अब्बास शहर में स्थित प्राचीन हिंदू विष्णु मंदिर। काजर काल में 1892 में निर्मित, यह मंदिर शहर में काम करने वाले भारत के हिंदू व्यापारियों के लिए बनाया गया था। गाना फारसी भाषा में है।' वीडियो में 134 साल पुराने बने मंदिर की पुरानी बनावट नजर





आ रही है। साथ में विष्णु भगवान की उस सदी की मूर्तियां और नक्काशी दिख रही है। अमिताभ बच्चन जल्द की 'कल्कि 2898 एडी' के सीक्वल में नजर आएंगे, जिसके लिए उन्होंने कुछ हफ्ते पहले कमल हासन के साथ शूटिंग भी की थी। इसके अलावा नितेश तिवारी की 'रामायणम्' के लिए भी उनके नाम की चर्चा है, पर अभी तक इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।

## पंचायत सीजन 5 को लेकर सामने आई नई जानकारी

**नई दिल्ली।** ओटीटी की दुनिया का लोकप्रिय शो पंचायत के अगले यानी पांचवें सीजन का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। पिछले साल सीरीज का चौथा सीजन आया था, जिसका अंत एक रोमांचक मोड़ पर हुआ था। इसके बाद से ही फैंस सीरीज के पांचवें सीजन का इंतजार कर रहे हैं। ओटीटी प्लेटफॉर्म ने पिछले महीने शो की आधिकारिक घोषणा की थी। अब शो को लेकर कुछ नई जानकारी सामने आई है।



पिछले महीने अपने आगामी सीजन को लेकर जब प्राइम वीडियो ने घोषणा की थी, तब उसमें 'पंचायत' सीजन 5 का नाम भी शामिल था। पंचायत का पांचवां सीजन इसी साल 2026 में रिलीज होगा। हालांकि, सीरीज की कंफर्म रिलीज डेट का दर्शक अभी भी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। पांचवें सीजन में कहानी और भी आगे बढ़ेगी। मेकर्स ने पहले ही इस बात का संकेत दे दिया था कि इस सीजन में चौथे सीजन में अधूरे रह गए सवालों के जवाब मिलेंगे। साथ ही संभव है कि कई ट्विस्ट भी इस बार कहानी में नजर आएंगे। जानकारी के मुताबिक, इस सीजन में सचिव जी अभिषेक त्रिपाठी को फुलेरा में एक कठिन दौर का सामना करना पड़ेगा।

# वेलकम टू द जंगल का टाइटल ट्रैक रिलीज

एजेंसी ▶▶| मुंबई

अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी, जैकी श्रॉफ, दिशा पाटनी, जैकलीन, रवीना टंडन सहित कई चर्चित सितारों से सजी फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' बॉलीवुड की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में शामिल है। इतने सारे सितारे जहां होंगे, वहां एंटरटेनमेंट का तगड़ा डोज मिलना पक्का है। इस फिल्म का टाइटल ट्रैक रिलीज हो चुका है और काफी धमाकेदार है। फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' का गाना सोमवार को आया है। इसमें एक्शन भी है, इमोशन भी हैं और भरपूर कॉमेडी का डोज है। जंगल का इलाका है और अक्षय कुमार अपनी टोली के साथ वहां मौजूद हैं। जंगल में एक से बढ़कर एक चैलेंज सामने आते हैं। पूरी टोली सर्वाइव करती है। साथ में मस्ती भी भरपूर होती है। इस टाइटल ट्रैक के जरिए यह बात कंफर्म हो चुकी है कि अक्षय कुमार का फिल्म में डबल रोल है। अभिनेता अक्षय कुमार ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से यह गाना साझा किया है। उन्होंने इसके साथ

## डबल रोल निभाएंगे अक्षय



कैप्शन लिखा है, 'इस जंगल में अब दहाड़ भी होगी और शोर भी होगा। फिल्म का टाइटल ट्रैक रिलीज हो गया है'। यह फिल्म 26 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह फिल्म बॉलीवुड की पॉपुलर 'वेलकम' फ्रेंचाईजी की तीसरी किस्त है। इसमें अक्षय कुमार के अलावा अरशद वारसी, सुनील शेट्टी, दिशा पाटनी, जैकलीन फर्नांडिस, जैकी श्रॉफ, पेरश रावल, राजपाल यादव, रवीना टंडन और कीकू शारदा सहित कई चर्चित सितारे हैं। इस फिल्म का निर्देशन अहमद खान ने किया है। फिल्म के गाने की बात करें तो गाने की तो इसे संगीतकार जोड़ी साजिद-वाजिद ने कंपोज किया है। इस गाने को रीक्रिएट संस्करण के साथ जारी किया गया है। पहले की तरह इस बार भी आवाज शान ने दी है।

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 6263818152
79871-19756

**Appointment आवश्यकता**

**सुरक्षागार्ड**

अतिशीघ्र आवश्यकता है- सुरक्षा गार्ड 45, सुपरवाइजर 9 फील्ड अधिकारी 5, कंप्यूटर ऑपरेटर 2 वेतन योग्यतानुसार मेस सुविधा आवास भोजन फ्री संपर्क:- अलर्ट एसजीएस प्राइवेट लिमिटेड, कार्यालय:- 06 जे. शुक्ला कॉम्प्लेक्स पचपेड़ी नाका रायपुर 7746000016, 7747000016, 7747000019, 7746000019.(आरो-015)

**ड्रायवर**

आवश्यकता है- आशीर्वाद किराया भंडार में पंडाल काम हेतु ड्रायवर की आवश्यकता है । जो गाड़ी लोड- अनलोड कर सके । वेतन 12000/- समय सुबह 9:00 से 8:30 बजे तक पता- सुहागा मंदिर ब्राहमण पारा रायपुर संपर्क करें- मो. 9826182338.(आरो-A)

**फील्ड वर्क**

आवश्यकता है- एलआईसी में 12वीं पास लड़कों की आवश्यकता ऑफिस वर्क और फील्ड वर्क के लिए लड़कों की जरूरत है। आकर्षक सैलरी + इंसेंटिव। फ्री ट्रेनिंग दी जाएगी। करियर बनाने का सुनहरा मौका। इच्छुक उम्मीदवार तुरंत संपर्क करें:- 7470392352.(RO-179)

हरिभूमि क्लासीफाईड छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**टीचर**

आवश्यकता है- शिक्षक/ शिक्षिकाएं चाहिए अंग्रेजी, गणित, रसायन, भौतिकी, जीव विज्ञान, सामाजिक अध्ययन, संस्कृत, कॉमर्स, शिक्षक/ शिक्षका हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित हैं। साक्षात्कार 23.05.2026 (शनिवार) को प्रातः 8:00 बजे से। संपर्क: नूतन उ. मा. शाला आर.डी.ए . कॉलोनी टिकरापारा रायपुर। मो. 9009088455.(आरो-180)

आवश्यकता है- Teachers Required for Nursery to 12th (English Medium)– All Subjects. Streams for Classes 11th & 12th: Maths, Biology, Commerce, Arts Candidates must be B.Ed./ D.Ed. qualified. Teachers should be fluent in English. Interview: 21.05.2026. 09:00AM– 12:30PM Raipur Convent Hr.Sec. School, Gudhiyari (8109077721/23), Shivanand Nagar (8109077730), New Rajendra Nagar, Raipur- 8109077729/31 (RO-079)

**ड्रायवर**

आवश्यकता है- स्कूल बस चलाने हेतु रायपुर कोटा हीरापुर टाटीबंध से ड्राइवरों की आवश्यकता हैं वेतन योग्यतानुसार लायसेंस हवी बैच अनुभवी को प्राथमिकता जय महामाया ट्रेवल्स मो. 9926510520, 9685545594.(आरो-184)

**ऑफिस कार्य**

आवश्यकता है- आफिस कार्य दुर्ग स्थित अधिवक्ता कार्यालय में कार्य करने हेतु लड़की की आवश्यकता है वेतन योग्यतानुसर कॉल / मेसेज 7999847673 समय 12 से 5 तक (आरो नं.-276)

**आवश्यकता**

आवश्यकता है- गोडाउन से रिटेल स्टोर में मॉल सप्लाई हेतु लडको की आवश्यकता है। संपर्क करें - श्री राधे कृष्णा एजेंसीस, BU कॉम्प्लेक्स, दलदल सिवनी रायपुर। मोबाइल 7999369912. (आरो-398)

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेकर व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

CLASSIFIED RATE CARD
01 अप्रैल 2025 से लागू
हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी

| EDITION | Appointment | Service/Business | Property Rent & Sale | Display |
|---|---|---|---|---|
| Raipur City | 500 | 620 | 550 | 175/- Sq cm |
| Bhilai + Durg Edition | 440 | 560 | 520 | 150/- Sq cm |
| Bilaspur City | 440 | 500 | 520 | 140/- Sq cm |
| Raipur All Edition | 720 | 820 | 800 | 240/- Sq cm |
| Bilaspur All Edition | 610 | 780 | 690 | 195/- Sq cm |
| All CG | 1000 | 1150 | 1120 | 310/- Sq cm |
| All CG + MP | 1280 | 1750 | 1600 | 330/- Sq cm |
| All Edition | 1700 | 2100 | 2000 | 380/- Sq cm |

SCHEME
1. Pick of the day 15 % extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Prise per day Rs. 80/-
4. 20% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E-mail id Rs. 50/- Extra per day.
7. Business & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. NO SCHEME FOR TOWER & FINANCE AD
9. SINGLE DAY BOOKING 100% EXTRA.

COLOUR 20% Extra Charge For Disply
GST For All Ad

EDUCATION SPECIAL

| EDITION | RATE | |
|---|---|---|
| Raipur City | 3000 | 2+1 |
| Bhilai + Durg Edition | 2800 | 5+3 |
| Raipur Edition | 4400 | 10+10 |
| Bilaspur City | 2500 | 15+18 |
| Bilaspur Edition | 3800 | |
| All CG | 5500 | |

MATRIMONIAL CG+MP

| (Runing Matter) | (Size 5x1 Box) |
|---|---|
| 500 /- 1 Sunday | 800 /- 1 Sunday |
| 900 /- 2 Sunday | 1200 /- 2 Sunday |
| 1200/- 3 Sunday | 1500/- 3 Sunday |

HEALTH CARE 10X1

| | | | |
|---|---|---|---|
| Raipur City | 55000 | 85000 | 1,10,000 |
| Bilai + Durg Edition | 50000 | 80000 | 1,00000 |
| Bilaspur City | 40000 | 70000 | 1,00000 |
| Raipur All Edition | 70000 | 1,20,000 | 1,60,000 |
| Bilaspur All Edition | 55000 | 1,00000 | 1,20,000 |
| All CG | 1,10,000 | 1,80,000 | 2,30,000 |

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS
Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778 E-mail- response.haribhoomi@gmail.com
Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur. Mob.: 9826782100 E-mail- hbclassified375@gmail.com

Healthcare
छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
8515825081
9083218330

# एआई 18 महीने में ऑफिस वाली सारी जॉब खत्म कर देगा, मेटा हेड की चेतावनी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

मेटा में एक बार फिर बड़े पैमाने पर कर्मचारियों की छंटनी की खबरें सामने आ रही हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक कंपनी 20 मई को करीब 8,000 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल सकती है। यह संख्या कंपनी के कुल ग्लोबल वर्कफोर्स का लगभग 10 प्रतिशत बताई जा रही है।

दिलचस्प बात यह है कि कंपनी का मुनाफा लगातार बढ़ रहा है। साल 2026 की पहली तिमाही में मेटा ने लगभग 26.8 बिलियन डॉलर का नेट इनकम दर्ज किया। इसके बावजूद कर्मचारियों का कहना है कि कंपनी के अंदर का माहौल "इतिहास में सबसे खराब" हो चुका है। रिपोर्ट के अनुसार कंपनी अब इंसानी कर्मचारियों की जगह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई पर ज्यादा फोकस कर रही है।

## मेटा में फिर 8000 कर्मचारियों को निकालने की आ रही है खबर, मेटा ने पहली तिमाही में 26.8 बिलियन डॉलर का नेट इनकम दर्ज किया

### 145 बिलियन डॉलर खर्च करेगी

मेटा की सीएफओ सुसान ली ने बताया कि कंपनी "लीन ऑपरेटिंग मॉडल" अपनाना चाहती है, ताकि एआई इंफ्रास्ट्रक्चर पर होने वाले भारी खर्च को संभाला जा सके। मेटा ने अपनी हालिया अर्निंग कॉल में बताया कि कंपनी इस साल एआई पर 125 बिलियन डॉलर से लेकर 145 बिलियन डॉलर तक खर्च कर सकती है। यह खर्च पिछले साल के मुकाबले लगभग दोगुना है। कंपनी के सीईओ मार्क जुकरबर्ग ने हाल ही में कर्मचारियों के साथ हुई मीटिंग में साफ कहा कि छंटनी की बड़ी वजह एआई पर बढ़ता खर्च है। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि साल के दूसरे हिस्से में भी और छंटनी हो सकती है। इससे कर्मचारियों में चिंता और बढ़ गई है।



*कर्मचारियों की निगरानी से बढ़ा विवाद :* मेटा पर अब कर्मचारियों की निगरानी करने के आरोप भी लग रहे हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार कंपनी ने अमेरिका में कर्मचारियों के लैपटॉप पर एक खास सॉफ्टवेयर इंस्टॉल किया है। इस सिस्टम को "मॉडल केपीबिलिटी इनेटियेटिव कहा जा रहा है। यह कर्मचारियों के कीबोर्ड टाइपिंग, माउस मूवमेंट, स्क्रीनशॉट और जीमेल जैसी ऐप्स पर एक्टिविटी रिकॉर्ड करता है। बताया जा रहा है कि इस डेटा का इस्तेमाल एआई एजेंट्स को ट्रेन करने के लिए किया जाएगा, ताकि वे इंसानों की तरह काम कर सकें।

*कर्मचारियों ने कहा- 'सिर्फ एग्जीक्यूटिव्स खुश हैं' :* रिपोर्ट में दावा किया गया है कि कंपनी के अंदर काम करने वाले कई मौजूदा और पूर्व कर्मचारियों ने माहौल को "टॉक्सिक" बताया है। इंस्टाग्राम से जुड़े एक कर्मचारी ने कहा कि "कंपनी में हर कोई परेशान है, सिर्फ टॉप एग्जीक्यूटिव्स को छोड़कर।"

### एआई कर्मचारियों को करोड़ों के पैकेज

एक तरफ सामान्य कर्मचारियों की सैलरी कम हो रही है, वहीं दूसरी तरफ मेटा एआई एक्सपर्ट्स को भारी-भरकम पैकेज ऑफर कर रही है। रिपोर्ट के मुताबिक कुछ एआई रिसर्चर्स को 100 मिलियन डॉलर तक के पैकेज दिए जा रहे हैं। ये सभी लोग कंपनी के नए डिवीजन "मेटा सुपरइंटेलिजेंट लैब" के लिए भर्ती किए जा रहे हैं। यह टीम एआई की ग्लोबल रेस में मेटा को आगे रखने के लिए बनाई गई है। रिपोर्ट बताती है कि पिछले साल कंपनी के कर्मचारियों की औसत कुल सैलरी 417,400 डॉलर से घटकर 388,200 डॉलर रह गई। इससे कर्मचारियों में असमानता को लेकर नाराजगी और बढ़ गई है।

## खबर संक्षेप

### एनारॉक ग्रुप का राजस्व 25 प्रतिशत बढ़कर 946 करोड़




**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट क्षेत्र की सलाहकार कंपनी एनारॉक ग्रुप का वित्त वर्ष 2025-26 में राजस्व 25 प्रतिशत बढ़कर 946 करोड़ रुपये हो गया है। कंपनी के चेयरमैन अनुज पुरी ने कहा कि मजबूत आवासीय मांग और कार्यालय व खुदरा परिसरों को पट्टे पर देने की गतिविधियों में आई तेजी से यह वृद्धि हुई है। कंपनी का वित्त वर्ष 2024-25 में राजस्व 755 करोड़ रुपये था।

### जेएसडब्ल्यू एनर्जी ने अनुषंगी जेएसडब्ल्यू स्टील के बेचे शेयर




**नई दिल्ली।** जेएसडब्ल्यू एनर्जी ने जेएसडब्ल्यू स्टील लिमिटेड के 2.5 करोड़ शेयर 3,150 करोड़ रुपये में बेचने की सोमवार को घोषणा की। लेनदेन 18 मई को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड पर थोक सौदे के जरिये किया गया। कंपनी के पास जेएसडब्ल्यू स्टील लिमिटेड के 4,50,38,350 शेयर शेष रह गए हैं।

### जायडस वेलनेस का मुनाफा घटकर 162 करोड़ रुपए




**नई दिल्ली।** जायडस वेलनेस लिमिटेड का एकीकृत शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में 5.75 प्रतिशत घटकर 162 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी का वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में शुद्ध मुनाफा 171.9 करोड़ रुपये था। आय 1,484.7 करोड़ रुपये रही जो पिछले वर्ष की समान अवधि में 913.1 करोड़ रुपये थी।

### स्ट्राइड्स फार्मा के मुनाफे में 51 फीसदी का इजाफा




**नई दिल्ली।** स्ट्राइड्स फार्मा साइंस लिमिटेड का वित्त वर्ष 2025-26 की जनवरी-मार्च तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 51 प्रतिशत बढ़कर 129.28 करोड़ रुपये हो गया। वित्त वर्ष- 2024-25 की समान तिमाही में कंपनी ने 85.62 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। परिचालन आय बढ़कर 1,323.47 करोड़ रुपये रही।

## पश्चिम एशिया संकट के कारण आयात लागत बढ़ने का असर

# पश्चिम एशिया संकट से उर्वरक सब्सिडी 70,000 करोड़ रुपए बढ़ने के आसार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

पश्चिम एशिया संकट के कारण आयात लागत बढ़ने से वित्त वर्ष 2026-27 में देश का उर्वरक सब्सिडी खर्च करीब 70,000 करोड़ रुपये बढ़कर 2.41 लाख करोड़ रुपये पर पहुंचने का अनुमान है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी।

उर्वरक विभाग की अतिरिक्त सचिव अपर्णा एस शर्मा ने अंतर-मंत्रालयी संवाददाता सम्मेलन के बाद संवाददाताओं से कहा कि पश्चिम एशिया संकट के कारण सब्सिडी व्यय बढ़ेगा लेकिन यह तय नहीं है कि वृद्धि कितने प्रतिशत होगी। जब उनसे पूछा गया कि क्या उर्वरक सब्सिडी में बढ़ोतरी 70,000 करोड़ रुपये तक हो सकती है, तो उन्होंने इसकी संभावना से इनकार नहीं किया।

### उपलब्धता संतोषजनक स्तर पर बनी

अगर ऐसा होता है तो वित्त वर्ष 2026-27 में कुल उर्वरक सब्सिडी 2.41 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच जाएगी। इस साल के बजट में उर्वरक सब्सिडी के लिए 1.71 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। लागत संबंधी दबावों के बावजूद शर्मा ने कहा कि मौजूदा खरीफ सत्र के लिए उर्वरकों की उपलब्धता 'संतोषजनक' स्तर पर बनी हुई है।

### 13.5 लाख टन डीएपी की आपूर्ति सुनिश्चित

उर्वरक की खरीद के लिए गठजोड़ (कंसोर्टियम) बनाने की व्यवस्था के तहत देश ने लगभग 13.5 लाख टन डीएपी, सात लाख टन एनपीके कॉम्प्लेक्स तथा अमोनियम सल्फेट, फॉस्फेट और अन्य कच्चे माल की आपूर्ति सुनिश्चित की है।



- उर्वरक सब्सिडी खर्च बढ़कर 2.41 लाख करोड़ रुपए पहुंचने का अनुमान
- बजट में उर्वरक सब्सिडी के लिए 1.71 लाख करोड़ रुपए का प्रावधान
- मौजूदा खरीफ सत्र के लिए उर्वरकों की उपलब्धता 'संतोषजनक' स्तर पर बनी हुई

### उर्वरकों का मौजूदा भंडार 200.9 लाख टन

कुल 390 लाख टन उर्वरक की जरूरत के मुकाबले 51 प्रतिशत से अधिक स्टॉक उपलब्ध है, जबकि बाकी जरूरत आयात के जरिये पूरी की जा रही है। उन्होंने बताया कि देश में उर्वरकों का मौजूदा भंडार 200.9 लाख टन है। घरेलू उत्पादन लगभग 80,000 टन प्रतिदिन की दर से चल रहा है। हालांकि, पश्चिम एशिया संकट शुरू होने के बाद से अब तक उत्पादन 86.2 लाख टन रहा है, जो पिछले वर्ष की समान अवधि के 93 लाख टन से थोड़ा कम है।

### *अब तक 22 लाख टन से अधिक उर्वरक देश में आ चुका*

*अधिकारी ने कहा, /"उर्वरक उत्पादन में कुछ कमी है, जिसे आने वाले महीनों में पूरा कर लिए जाने की हमें उम्मीद है। यूरिया संयंत्रों के लिए गैस की आपूर्ति पर्याप्त है। उर्वरक की आयात निर्भरता घटाने के मकसद से भारत ने होर्मुज जलडमरूमध्य की जगह वैकल्पिक मार्गों से आपूर्ति बढ़ाई है। अब तक 22 लाख टन से अधिक उर्वरक देश में आ चुके हैं।*

### *अन्य कच्चे माल की उपलब्धता की समीक्षा*

*उर्वरक विभाग अन्य कच्चे माल की उपलब्धता की भी समीक्षा कर रहा है और सब्सिडी भुगतान एकीकृत उर्वरक प्रबंधन प्रणाली के जरिये साप्ताहिक आधार पर जारी किए जा रहे हैं। शर्मा ने कहा, /"कुल मिलाकर उर्वरक के मामले में स्थिति मजबूत, स्थिर और संतोषजनक है।/"*

# भारत, रूस से कच्चे तेल की खरीद जारी रखेगा : अधिकारी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



- यह खरीदारी अमेरिकी प्रतिबंधों में छूट से इतर होगी
- भारत ऊर्जा सुरक्षा जरूरतों के आधार पर खरीद जारी रखेगा

भारत ने सोमवार को कहा कि वह अमेरिकी प्रतिबंधों में छूट से इतर भी रूस से तेल खरीदता रहा है और आगे भी व्यावसायिक व्यवहार्यता तथा ऊर्जा सुरक्षा जरूरतों के आधार पर खरीद जारी रखेगा।

पेट्रोलियम मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने सम्मेलन में कहा, /"रूस पर अमेरिकी छूट के संबंध में मैं यह स्पष्ट करना चाहती हूं कि हम पहले भी रूस से तेल खरीदते रहे हैं... छूट से पहले भी, छूट के दौरान भी और अब भी खरीदते रहेंगे।/" शर्मा ने कहा कि भारत के कच्चे तेल खरीदने के फैसले मुख्य रूप से व्यावसायिक दृष्टिकोण और पर्याप्त आपूर्ति उपलब्धता पर आधारित होते हैं। हमारे लिए खरीदारी का आधार मूल रूप से व्यावसायिक समझ है। संयुक्त सचिव ने कहा कि कच्चे तेल की कोई कमी नहीं है और दीर्घकालिक समझौतों के तहत पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित की गई है।

### भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा आयातक

दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा कच्चा तेल आयातक और उपभोक्ता भारत, कम कीमतों का लाभ उठाने के लिए रूस से तेल खरीद में तेजी से वृद्धि कर चुका है। इससे घरेलू रिफाइनरियों को वैश्विक ऊर्जा लागत में बढ़ोतरी से निपटने में मदद मिली। अमेरिका और यूरोपीय देशों ने फरवरी, 2022 में यूक्रेन पर हमले के बाद रूस पर व्यापक प्रतिबंध लगाए थे। हालांकि, रूसी तेल पर प्रत्यक्ष प्रतिबंध नहीं लगाया गया।

# आईटी शेयरों में खरीदारी से बाजार गिरावट से उबरा

एजेंसी ⏭ मुंबई

देश के प्रमुख शेयर सूचकांक सोमवार को अत्यधिक उतार-चढ़ाव वाले कारोबार के बाद मामूली बढ़त के साथ बंद हुए। भारी गिरावट के बाद सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) और चुनिंदा प्रमुख कंपनियों के शेयरों में खरीदारी आने से बाजार की स्थिति सुधरी।

बाजार विशेषज्ञों के अनुसार, पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के कारण कच्चे तेल की कीमतों में उछाल और रुपये की कमजोरी ने बाजार की तेजी पर अंकुश लगाया। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 77.05 अंक बढ़त के साथ 75,315.04 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,134.78 अंक टूटकर 74,180.26 अंक तक आ गया था। निफ्टी 6.45 अंक की हल्की बढ़त के साथ 23,649.95 अंक



- सेंसेक्स मामूली बढ़त के साथ बंद
- रुपए की कमजोरी ने भी बाजार की तेजी पर लगाया अंकुश

पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, भारती एयरटेल, बजाज फिनसर्व, सन फार्मा, एचसीएल टेक, बजाज फाइनेंस और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के शेयर प्रमुख रूप से लाभ में रहे। दूसरी ओर टाटा स्टील, पावरग्रिड, भारतीय स्टेट बैंक और एनटीपीसी के शेयरों में गिरावट रही।

### महंगाई को लेकर चिंताएं बढ़ी

रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा, "घरेलू शेयर बाजार में कारोबारी सत्र के पूर्वार्द्ध में रही गिरावट अमेरिका-ईरान के बीच तनाव बढ़ने का नतीजा रही। कच्चे तेल के दाम 110 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर जाने से महंगाई को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं।"

# सोना 1.62 लाख रुपए पर स्थिर और चांदी 1,000 रुपए मजबूत



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली


- चांदी बढ़कर हुई 2,75,000 रुपए किलो

राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोमवार को सोने की कीमतें 1.62 लाख रुपये प्रति 10 पर स्थिर रहीं, जबकि चांदी का भाव बढ़कर 2.76 लाख रुपये प्रति किलोग्राम हो गया। यह बढ़ोतरी चांदी के आयात पर ताजा अंकुश और रुपये में कमजोरी के कारण हुई।

अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, चांदी की कीमत में 1,000 रुपये की बढ़ोतरी हुई और यह शुक्रवार के बंद भाव 2,75,000 रुपये प्रति किलोग्राम से बढ़कर 2,76,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गई। सराफा संघ के अनुसार, सराफा बाजार में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,62,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर अपरिवर्तित रही विश्लेषकों ने कहा कि वैश्विक बाजारों में कमजोरी के बावजूद घरेलू सर्राफा कीमतें अपेक्षाकृत स्थिर रहीं। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक-जिंस सौमिल गांधी ने कहा कि घरेलू बाजार में सोने की कीमतें सोमवार को स्थिर रहीं। पिछले सत्र में अंतरराष्ट्रीय सराफा बाजार में कमजोरी के चलते भारी बिकवाली हुई थी, जिसके बाद यह स्थिति बनी। हालांकि, स्थानीय कीमतों में गिरावट सीमित रही, क्योंकि भारतीय रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले और कमजोर होकर रिकॉर्ड निचले स्तर लगभग 96.37 पर पहुंच गया। उन्होंने कहा कि कमजोर रुपये ने घरेलू सोने की कीमतों में गिरावट को थामने में मदद की।

# भूटान में टाटा पावर और डीजीपीस के बीच करार

**नई दिल्ली।** टाटा पावर ने भूटान में 5,000 मेगावाट स्वच्छ ऊर्जा क्षमता विकसित करने के लिए प्रशिक्षण ढांचा तैयार करने हेतु ड्रुक ग्रीन पावर कॉरपोरेशन के साथ एक प्रारंभिक समझौता किया है। कंपनी ने सोमवार को बयान में कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रम टाटा पावर स्किल डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट के माध्यम




से संचालित किए जाएंगे। टाटा पावर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एवं प्रबंध निदेशक प्रवीर सिन्हा ने कहा, '' डीजीपीसी के साथ यह साझेदारी भूटान के बढ़ते स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र के लिए भविष्य के अनुरूप प्रतिभा परिवेश तैयार करने की हमारी साझा प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

## बिजनेस साइट

### भिलाई में डॉ. अभिमन्यु आयुर्वेद मल्टीस्पेशलिटी क्लिनिक शुरू

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ में आयुर्वेद चिकित्सा सेवाओं के क्षेत्र में अग्रणी माने जाने वाले डॉ. अभिमन्यु आयुर्वेद मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल ने अपने विस्तार की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुए भिलाई के नेहरू नगर ईस्ट में नई मल्टीस्पेशलिटी क्लिनिक की शुरुआत की है। क्लिनिक का विधिवत उद्घाटन आयुष विभाग, छत्तीसगढ़ के संयुक्त संचालक डॉ. सुनील दास के करकमलों से संपन्न हुआ।

उद्घाटन समारोह में संस्थापक एवं निदेशक डॉ. अभिमन्यु साहू ने कहा कि रायपुर में संचालित 20 बेडेड मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल की सफलता के बाद भिलाई क्षेत्र के मरीजों को बेहतर और सुलभ आयुर्वेदिक उपचार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इस नई क्लिनिक की शुरुआत की गई है। उन्होंने बताया कि संस्था का उद्देश्य प्राचीन आयुर्वेदिक ज्ञान को आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं के साथ जोड़कर मरीजों को समग्र स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है।




उन्होंने कहा कि क्लिनिक में जोड़ों के दर्द, स्पॉन्डिलाइटिस, साइटिका, न्यूरोलॉजिकल समस्याओं तथा अन्य पुरानी बीमारियों के मूल कारणों के उपचार पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। नई क्लिनिक में आधुनिक आयुर्वेदिक उपचार सुविधाएं, अनुभवी विशेषज्ञों की टीम तथा पेन मैनेजमेंट, त्वचा रोग, बाल स्वास्थ्य एवं समग्र स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध रहेंगी।

### सीआईआई की कार्यशाला में सीबीएएम और डीकार्बोनाइजेशन पर होगा मंथन

**रायपुर।** कॉन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (सीआईआई) छत्तीसगढ़ राज्य परिषद द्वारा सोमवार को होटल हयात में 'कार्बन बॉर्डर एडजस्टमेंट मैकेनिज्म (सीबीएएम), भविष्य के पावर टैरिफ की हेजिंग और औद्योगिक डीकार्बोनाइजेशन' विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य उद्योगों को वैश्विक स्थिरता मानकों, कार्बन नियमों और हरित संचालन से जुड़ी चुनौतियों एवं अवसरों के प्रति जागरूक करना था।



कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए सीआईआई छत्तीसगढ़ राज्य परिषद के अध्यक्ष बजरंग गोयल और उपाध्यक्ष आनंद सिंघानिया ने कहा कि बदलते वैश्विक व्यापार परिदृश्य में प्रतिस्पर्धी बने रहने के लिए उद्योगों को कार्बन नियमों और टिकाऊ औद्योगिक ढांचे को शीघ्र अपनाना होगा। उन्होंने उद्योग जगत से हरित प्रौद्योगिकी और सतत विकास आधारित मॉडल की दिशा में तेजी से आगे बढ़ने का आह्वान किया।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण स्वीडिश पर्यावरण संरक्षण एजेंसी के प्रतिनिधिमंडल द्वारा साझा किए गए रणनीतिक विचार रहे। प्रतिनिधियों ने कार्बन बॉर्डर एडजस्टमेंट मैकेनिज्म की बारीकियों पर विस्तृत जानकारी दी, जिससे स्थानीय उद्योग को यूरोपीय बाजारों में अनुपालन, कार्बन अकाउंटिंग और निर्यात को सुरक्षित करने के लिए एक स्पष्ट दिशा मिली। महत्वपूर्ण वित्तीय दृष्टिकोण को सामने रखते हुए, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनएसई) के वरिष्ठ प्रबंधक शुभम शेखर पति ने औद्योगिक ऊर्जा लागतों के कुशल प्रबंधन के लिए भविष्य के पावर टैरिफ की हेजिंग के लिए प्रभावी रणनीतियों की रूपरेखा प्रस्तुत की। इसके अलावा सीआईआई-जीबीसी के वरिष्ठ परामर्शदाता धर्मेंद्र दावड़ा ने उद्योगों के लिए जीवन चक्र मूल्यांकन (एलसीए) और नेट जीरो उत्सर्जन प्राप्त करने के लाभों पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम में उद्योग जगत के प्रमुख हितधारकों की भारी भागीदारी देखी गई, जो औद्योगिक क्षेत्र को टिकाऊ, लचीले और डीकार्बोनाइज्ड भविष्य की ओर ले जाने की सीआईआई की प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।

## रुपए अपने अब तक के सबसे निचले स्तर 96.283 पर पहुंचा

# डॉलर की दहाड़ से सिमट रहा रुपया, पहली बार 100 के करीब

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

हफ्ते के पहले कारोबारी दिन सोमवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया अपने अब तक के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया है।

- कच्चे तेल की कीमत 111 डॉलर प्रति बैरल होने से रुपए की वैल्यू कम हुई

18 मई को भारतीय रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले टूटकर 96.283 डॉलर के अपने ऐतिहासिक रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गया है। कारोबार के दौरान कुछ समय के लिए रुपया फिसलकर 96.18 प्रति अमेरिकी डॉलर पर आ गया था, जो इसके पिछले बंद भाव से लगभग 0.2 प्रतिशत कम है। यह गिरावट इसके पिछले रिकॉर्ड निचले स्तर 96.1350 को भी पार कर गई।

### ट्रंप की नई चेतावनी का भी असर

ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा है, ''ईरान के लिए घड़ी टिक-टिक कर रही है। बेहतर होगा कि वे समझौते के लिए तेजी से कदम आगे बढ़ाएं, वरना उनका नामोनिशान नहीं बचेगा। समय बेहद कम है।'' उनकी इस ताजा चेतावनी के बाद वैश्विक निवेशक जोखिम लेने से कतरा रहे हैं। ऐसे में ये भारतीय शेयर बाजार से अपना पैसा निकालकर 'सेफ हेवेन' के रूप में माने जाने वाले अमेरिकी डॉलर में निवेश कर रहे हैं, जिससे रुपए पर दबाव और बढ़ता जा रहा है।



### रुपए गिरने और कच्चे तेल का क्या है कनेक्शन?

भारत अपनी जरूरत का लगभग 85 प्रतिशत कच्चा तेल दूसरे देशों से आयात करता है। अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में कच्चे तेल की कीमत 111 डॉलर प्रति बैरल के पार जाने से भारत का आयात खर्च बढ़ जाता है। ऐसे में भारतीय तेल आयातकों को भुगतान करने के लिए डॉलर की भारी जरूरत पड़ती है। बाजार में डॉलर खरीदने की मची होड़ के बीच रुपए की वैल्यू डॉलर के मुकाबले तेजी से कम होने लगती है।

### आम आदमी पर क्या होगा असर?

रुपया कमजोर होगा, तो विदेश में पढ़ाई से लेकर मेडिकल ट्रीटमेंट महंगा हो जाएगा। अब आपको पहले के मुकाबले टिकट वगैरह या ट्यूशन फीस भरने के लिए अधिक डॉलर खर्च करने होंगे। दूसरा रुपया कमजोर होगा, तो भारत में आयात होने वाले मोबाइल, लैपटॉप, लैपटॉप के पार्ट्स, ऑटोमोबाइल कॉम्पोनेंट्स महंगे हो जाएंगे। डॉलर महंगा तो, देश के भीतर ट्रांसपोर्टेशन कॉस्ट में इजाफा होगा। इससे रोजमर्रा की चीजें महंगी हो जाएगी।

### विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट

शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशक लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में शुद्ध खरीदार रहे और उन्होंने शुक्रवार को 1,329.17 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे। भारतीय रिजर्व बैंक के अनुसार आठ मई को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 6.29 अरब डॉलर बढ़कर 696.98 अरब डॉलर हो गया। इससे पिछले सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार 7.79 अरब डॉलर घटकर 690.69 अरब डॉलर रह गया था।




# सिरोही के इस मंदिर में मन्नत पूरी होने पर भक्त चढ़ाते हैं सिर्फ मिट्टी के घोड़े

**जयपुर।** राजस्थान के सिरोही जिले में रहने वाली गरासिया जनजाति मन्नत पूरी होने पर सोने-चांदी के बजाय मिट्टी के घोड़े चढ़ाती है। आबूरोड के उपलागढ़ गांव में स्थित 'भाखर बाबा' के मंदिर में संतान प्राप्ति, बीमारी से मुक्ति और अच्छी खेती की मन्नतें पूरी होने पर ये घोड़े अर्पित किए जाते हैं। गुजरात के पोसीना गांव के कुम्हारों द्वारा टेराकोटा आर्ट से बनाए गए इन घोड़ों के कारण मंदिर परिसर में मिट्टी के घोड़ों का बड़ा ढेर लगा रहता है, और यहां आयोजित होने वाले मेले में पारंपरिक 'घोड़ा नृत्य' किया जाता है। आमतौर पर आपने देश के प्रसिद्ध और बड़े मंदिरों में मन्नत पूरी होने पर भक्तों द्वारा सोना, चांदी, कीमती आभूषण या भारी मात्रा में नकदी चढ़ाते हुए देखा और सुना होगा। लेकिन, राजस्थान में एक ऐसी अनूठी जनजाति भी निवास करती है, जो अपनी मनोकामना पूरी होने पर किसी भी तरह के महंगे आभूषण चढ़ाने के बजाय भगवान को मिट्टी के बने खास घोड़े अर्पित करती है। जी हां, यह अनोखी और दिलचस्प परंपरा राजस्थान के सिरोही, उदयपुर और गुजरात के कुछ सीमावर्ती जिलों में रहने वाली 'गरासिया जनजाति' में पीढ़ियों से निभाई जा रही है। इस समाज के लोगों में अरावली के ऊंचे पहाड़ों की भगवान के रूप में पूजा करने का विशेष महत्व है।

### गुजरात के पोसीना गांव से आता है मन्नत का ये 'टेराकोटा हॉर्स'

स्थानीय निवासी चतराराम गरासिया ने इस परंपरा के बारे में विस्तार से जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि उपलागढ़ के 'भाखर बावसी' और रणोरा की पहाड़ी पर स्थित 'मांड बावसी' इस पूरे क्षेत्र के सबसे बड़े आराध्य देव माने जाते हैं। भक्त यहाँ अपनी संतान प्राप्ति, गंभीर बीमारियों से मुक्ति, मवेशियों (पशुओं) की रक्षा, अच्छी बारिश और खेती में बेहतरीन पैदावार जैसी कई बड़ी मन्नतें लेकर आते हैं। जब यह मन्नत पूरी हो जाती है, तो भक्त टेराकोटा आर्ट से बने मिट्टी के घोड़े चढ़ाते हैं, जिसके कारण इस स्थान को 'घोड़ा बावड़ी'भी कहा जाता है।



### मंदिरों के बाहर घोड़ों का पहाड़ और प्रसिद्ध घोड़ा नृत्य

क्षेत्र में भाखर बाबा के मुख्य धाम के अलावा कई अन्य छोटे मंदिरों पर भी भक्तों द्वारा अपनी क्षमता के अनुसार छोटे-बड़े आकार के मिट्टी के घोड़े चढ़ाए जाते हैं। इन धार्मिक स्थलों के बाहर हजारों की संख्या में मिट्टी के घोड़ों का एक विशाल ढेर लगा हुआ दिखाई देता है, जो यहाँ आने वाले भक्तों की अटूट आस्था और पूरी हुई मन्नतों की गवाही देता है। उपलागढ़ के भाखर बाबा मंदिर में हर साल एक भव्य मेले का आयोजन होता है, जिसमें राजस्थान और गुजरात से लाखों आदिवासी लोग जुटते हैं।

## रोचक खबरें



### दुनिया का सबसे बेवकूफ पक्षी जिसके जूते जैसी होती है चोंच

**नई दिल्ली।** दुनिया में पक्षियों की हजारों प्रजातियां पाई जाती हैं। कोई अपनी खूबसूरती के लिए मशहूर है, तो कोई अपनी तेज रफ्तार और शिकार करने की कला के लिए जाना जाता है। लेकिन, एक पक्षी ऐसा भी है, जिसे देखकर लोग डर जाते हैं। इसकी लंबी और भारी चोंच, विशाल शरीर और घूरती आंखें इसे बेहद खतरनाक बनाती हैं। हालांकि, हैरानी की बात यह है कि इतने डरावने दिखने के बावजूद इसे दुनिया का सबसे 'मूर्ख पक्षी' कहा जाता है। इस अनोखे पक्षी का नाम है शूबिल। शूबिल मुख्य रूप से पूर्वी अफ्रीका के देशों में पाया जाता है। यह खासकर इथियोपिया, दक्षिण सूडान और जाम्बिया के दलदली इलाकों में रहता है। कई लोग इसे सारस या बगुला समझ लेते हैं, लेकिन असल में इसका सबसे करीबी संबंध पेलिकन परिवार से माना जाता है। इस पक्षी की सबसे खास पहचान इसकी बड़ी और जूते जैसी दिखने वाली चोंच है। यही वजह है कि इसका नाम 'शूबिल' पड़ा। इसकी चोंच करीब एक फुट लंबी और लगभग 5 इंच चौड़ी होती है। चोंच के किनारे बेहद नुकीले होते हैं, जिससे यह आसानी से अपने शिकार को पकड़ लेता है। शूबिल देखने में जितना शांत लगता है, उतना ही खतरनाक शिकारी भी है। यह मछलियों, ईल, सांप और दूसरे छोटे जीवों का शिकार करता है। कई बार यह मगरमच्छ के बच्चों और मॉनिटर छिपकली को भी खा जाता है। इसकी शिकार करने की तकनीक भी काफी अलग होती है। शूबिल घंटों तक एक ही जगह बिल्कुल शांत खड़ा रह सकता है। वैज्ञानिक इसे 'कोलैप्सिंग' कहते हैं। जब कोई मछली या दूसरा जीव पानी की सतह पर आता है, तो यह अचानक हमला करके उसे पकड़ लेता है।

### 60 की उम्र में भी रहेंगे जवान! वैज्ञानिकों ने ढूंढ निकाला तरीका

**लंदन।** नई रिसर्च के अनुसार अगर आप हर रात बहुत कम या बहुत ज्यादा सोते हैं, तो इसका असर सिर्फ थकान तक सीमित नहीं रहता। वैज्ञानिकों का कहना है कि गलत स्लीप पैटर्न शरीर के कई अंगों को तेजी से बूढ़ा बना सकता है। यह



रिसर्च जर्नल नेचर में 13 मई को प्रकाशित हुई. स्टडी में पाया गया कि कम नींद और ज्यादा नींद दोनों ही दिमाग, दिल, फेफड़ों और इम्यून सिस्टम की उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को तेज कर सकते हैं। रिसर्च के मुताबिक सबसे कम जोखिम उन लोगों में देखा गया जो रोजाना लगभग 6.4 से 7.8 घंटे की नींद लेते हैं। इस स्टडी को कोलंबिया यूनिवर्सिटी के रेडियोलॉजी असिस्टेंट प्रोफेसर जूहाओ वेन ने लीड किया। उन्होंने कहा कि यह रिसर्च दिखाती है कि सही मात्रा में नींद लेना पूरे शरीर की सेहत के लिए बेहद जरूरी है। रिसर्च टीम ने मशीन लर्निंग तकनीक की मदद से शरीर के 17 अलग-अलग ऑर्गन सिस्टम के लिए 23 'बायोलॉजिकल क्लॉक' तैयार किए। इन क्लॉक्स ने मेडिकल स्कैन, ब्लड टेस्ट और प्रोटीन डेटा के जरिए यह मापा कि किसी इंसान के अंग उसकी असली उम्र की तुलना में कितनी तेजी से बूढ़े हो रहे हैं। इसके लिए ब्रिटेन के करीब 5 लाख लोगों के हेल्थ डेटा का विश्लेषण किया गया। रिसर्च में एक 'यू-आकार का पैटर्न'देखने को मिला. यानी जो लोग 6 घंटे से कम सोते थे और जो लोग 8 घंटे से ज्यादा सोते थे, दोनों में तेजी से एजिंग के संकेत मिले. वैज्ञानिकों के अनुसार लगभग 7 घंटे की नींद शरीर के लिए सबसे हेल्दी मानी गई। इसी रेंज में शरीर के अंग सबसे बेहतर स्थिति में पाए गए। स्टडी बताती है कि नींद सिर्फ आराम का हिस्सा नहीं है, बल्कि यह शरीर के लगभग हर सिस्टम से जुड़ी हुई है।

# विज्ञान का वो अनोखा हादसा, जिसने बिना चीर फाड़ शरीर के अंदर देखने का रास्ता खोला

**वॉशिंगटन।** आज के समय में जब किसी की हड्डी टूटती है या किसी को शरीर के अंदर चोट लगती है, तो डॉक्टर सबसे पहले एक्स-रे कराने की सलाह देते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि दुनिया को बिना चीर-फाड़ के शरीर के अंदर देखने की शक्ति देने वाली यह टेक्नोलॉजी एक इत्तेफाक की वजह से मिली थी? साल 1895 में वैज्ञानिक जर्मनी के विल्हेम रॉटजन अपनी लैब में अकेले काम कर रहे थे। उसी दौरान उन्होंने एक ऐसी रहस्यमयी चमक देखी, जिसने आने वाले समय में मेडिकल साइंस की पूरी तस्वीर ही बदलकर रख दी।

### ब्लैक पेपर के पार दिखी रहस्यमयी रोशनी

8 नवंबर 1895 को रॉटजन अपनी लैब में क्रूक्स ट्यूब के साथ बिजली के करंट का एक्सपेरिमेंट कर रहे थे। उन्होंने लाइट को बाहर आने से रोकने के लिए ट्यूब को पूरी तरह से काले कार्डबोर्ड से ढक दिया था। इसके बाद उन्होंने देखा कि लैब में रखी एक फ्लोरोसेंट स्क्रीन अचानक चमकने लगी। काले कागज को पार करके आने वाली यह चमक उस समय के साइंस के हिसाब से असंभव थी। रॉटजन ने तुरंत इस पर रिसर्च शुरू किया। गणित में अनजान चीजों को एक्स माना जाता है, इसलिए उन्होंने इन रहस्यमयी किरणों का नाम एक्स-रे रख दिया।

## ऐसे हुआ था एक्स-रे का आविष्कार



### पत्नी के हाथ का लिया पहला एक्स-रे

इस खोज के कुछ समय बाद ही साल 1895 में 22 दिसंबर को रॉटजन ने दुनिया का पहला इंसानी एक्स-रे किया। उन्होंने अपनी पत्नी बर्था के हाथ को इस मशीन के आगे रखा। जब तस्वीर सामने आई, तो हैरान रह गए. उस तस्वीर में साफ तौर पर उनकी पत्नी के हाथ की हड्डियां और उंगली में पहनी हुई शादी की अंगूठी दिखाई दे रही थी। इस तस्वीर ने साफ कर दिया कि बिना किसी सर्जरी के भी इंसानी शरीर के आर-पार देखा जा सकता है।

### मेडिकल जगत में आई क्रांति

पबमेड की रिपोर्ट्स के अनुसार यह इतिहास की सबसे तेजी से अपनाई जाने वाली टेक्नोलॉजी में से एक थी। साल 1896 आते-आते यह टेक्नोलॉजी लैब से निकलकर अस्पतालों और सर्जरियों तक पहुंच गई। इससे पहले डॉक्टरों को शरीर के अंदर चोट या गोली का पता लगाने के लिए छूकर अंदाजा लगाना पड़ता था या फिर सर्जरी करनी पड़ती थी। लेकिन एक्स-रे ने डॉक्टरों को पहले बीमारी देखने और फिर इलाज करने की आजादी दी।



### खतरे से अनजान थे लोग

शुरुआत में एक्स-रे के फायदों को तो सबने देखा, लेकिन इसके नुकसानों के बारे में लोगों को पता नहीं था। जर्नल ऑफ मेडिकल फिजिक्स के मुताबिक शुरुआती दौर में रेडिएशन के खतरों की जानकारी न होने के कारण डॉक्टर बिना किसी सुरक्षा गाइडलाइन के इसका इस्तेमाल करते रहे. सुरक्षा के नियम काफी सालों बाद तय किए गए। आज 130 से भी ज्यादा साल हो जाने के बाद भी इसी एक्स-रे टेक्नोलॉजी की बदौलत सीटी स्कैन और फ्लोरोस्कोपी जैसी एडवांस टेक्नोलॉजी काम कर रही हैं, जो रोज करोड़ों लोगों की जान बचा रही हैं।

# भारत का सबसे ऐतिहासिक पुल मात्र 2 दिन में हुआ था तैयार

**नई दिल्ली।** भारत का इतिहास सिर्फ राजाओं, युद्धों और विशाल किलों तक सीमित नहीं है, बल्कि यहां की प्राचीन इंजीनियरिंग और अद्भुत आर्किटेक्चर भी पूरी दुनिया को हैरान करती रही है। सदियों पहले, जब ना आधुनिक मशीनें थीं और ना ही आज जैसी उन्नत तकनीक, तब भी भारत में ऐसे निर्माण किए गए जो आज के इंजीनियरों के लिए भी किसी अजूबे से कम नहीं हैं। इन्हीं ऐतिहासिक धरोहरों में शामिल है उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ जिले में तमसा नदी पर बना शाही पुल, जिसके बारे में कहा जाता है कि यह महज 2 दिनों में तैयार कर दिया गया था। सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि करीब 500 साल बाद भी यह पुल मजबूती के साथ खड़ा है और उस दौर की शानदार निर्माण कला की कहानी बयां करता है। करीब 500 साल पुराना यह पुल आज भी पूरी मजबूती के साथ खड़ा हुआ है। समय के साथ कई इमारतें और निर्माण कमजोर पड़ जाते हैं, लेकिन यह पुल आज भी लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।



### कैसे हुआ था सिर्फ दो दिनों में निर्माण?

इतिहास के मुताबिक, साल 1530 में शेरशाह सूरी अपनी सेना के साथ जौनपुर की तरफ बढ़ रहा था। इसी दौरान तमसा नदी उसके रास्ते में आ गई। सेना को जल्दी आगे बढ़ाना जरूरी था, इसलिए शेरशाह सूरी ने तुरंत पुल बनाने का आदेश दिया। कहा जाता है कि उस समय कुशल कारीगरों और मजदूरों ने दिन-रात मेहनत की और महज दो दिनों में इस पुल को तैयार कर दिया। उस दौर में यह काम किसी चमत्कार से कम नहीं माना जाता था।

### पारंपरिक तकनीक ने बनाया बेहद मजबूत

इस पुल के निर्माण में चूना, राख, गोंद और अन्य पारंपरिक सामग्रियों का इस्तेमाल किया गया था। यही वजह है कि यह पुल आज भी मजबूत बना हुआ है। उस समय की निर्माण तकनीक इतनी शानदार थी कि सदियों बाद भी यह पुल लोगों को अपनी ओर आकर्षित करता है। भारत में ऐसे कई ऐतिहासिक पुल मौजूद हैं, जिनमें 16वीं सदी का शाही पुल, पंबन रेलवे ब्रिज, हावड़ा ब्रिज और चेनाब रेलवे ब्रिज जैसे नाम शामिल हैं। ये सभी भारत की इंजीनियरिंग क्षमता की मिसाल माने जाते हैं।







# इस आइलैंड पर चलता है महिलाओं का राज, पुरुषों का जाना है बैन

**हेलसिंकी।** दुनिया में कई ऐसी जगहें हैं, जिनके बारे में जानकर लोगों को हैरानी होती है। इन जगहों को लोग अलग-अलग वजहों से जानते हैं। इन दिनों एक ऐसी ही जगह की खूब चर्चा हो रही है। दरअसल, इस जगह पर सिर्फ महिलाओं को रहने की इजाजत है। यहां पर पुरुषों के जाने पर रोक है। इस जगह का नाम सुपर शी आइलैंड है। यह फिनलैंड के पास बाल्टिक सागर में स्थित है। सुपर शी आइलैंड दुनिया के सबसे अनोखे निजी स्थान में से एक है। इस आइलैंड को सिर्फ महिलाओं के लिए ही बनाया गया है। 8.4 एकड़ में फैले इस आइलैंड पर पुरुष नहीं जा सकते हैं। यह लग्जरी वेलनेस रिट्रीट के तौर पर डिजाइन था। यह शानदार सुविधाओं के साथ शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को तरोताजा करने के लिए एक सुरक्षित स्थान है। क्रिस्टीना रोथ ने वर्ष 2017 में इस आइलैंड को शुरू किया था। सुपर शी की आधिकारिक वेबसाइट के मुताबिक, यह आइलैंड पर्यटन स्थल के साथ ही एक आंदोलन है। महिलाओं के लिए बहुत सोच-समझकर विशेष स्थान बनाने का फैसला लिया गया था। क्रिस्टीना रोथ एक उद्यमी हैं, जिन्हें मुख्य तौर पर सुपरशी आइलैंड की संस्थापक के रूप में जाना जाता है। उन्होंने महिला की जरूरत को पहचाना और एक सुरक्षित स्थान बनाया।

### कोई भी नहीं जा सकता है

सुपर शी आइलैंड पर कोई भी सीधे नहीं जा सकता है। यहां पर रुकने के लिए ऑनलाइन आवेदन करना होता है। सिलेक्शन करने के बाद यहां पर प्रवेश मिलता है। यहां पर हर रिट्रीट में सिर्फ 10 महिलाओं को जगह मिलती है। यहां पर महिलाओं की प्राइवेसी होती है और उन्हें पर्सनल अनुभव मिलता है। यहां पर योग और मेडिटेशन, हाइकिंग, बाल्टिक सागर के पानी में कयाकिंग, वेलनेस वर्कशॉप और कुकिंग क्लास जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com